

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -82 जबलपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# पहलगाम हमले के बीच भारत ने छोड़ी मिसाइल, हिल गया पूरा पाकिस्तान



नई दिल्ली-(आरएनएस)। एक तरफ घाटी में गोलियों की आवाज गूंजी। पहलगाम में कायराना आतंकी हमले से देश गम और गुस्से में डूबा था। दूसरी तरफ अरब सागर आईएनएस सूरत की दहाड़ से गूंज उठा। भारत ने फिर दुनिया को दिखाया कि हम केवल सहते नहीं बल्कि जवाब देना भी जानते हैं। दरअसल, ये भारत की सबसे स्वदेशी और आधुनिक युद्धपोत आईएनएस सूरत है। भारतीय नौसेना का ये शेर दुश्मनों के लिए चेतावनी बन चुका है। भारतीय नौसेना ने गुरुवार को घोषणा की कि उसके नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, आईएनएस सूरत ने समुद्र की सतह पर उड़ रहे एक तेज़, कम उड़ान वाले मिसाइल लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका और नष्ट कर दिया। सफल परीक्षण भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

यह परीक्षण जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद किया गया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी और इसे पाकिस्तान के लिए एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिसकी आईएसआई और सेना ने कथित तौर पर नरसंहार की साजिश रची थी। यह ऐसे समय में भी हुआ है जब पाकिस्तान ने 24 और 25 अप्रैल के बीच अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर कराची तट से सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने की योजना का संकेत देते हुए एक समुद्री सलाह जारी की है। परीक्षण लॉन्च का एक वीडियो साझा करते हुए, भारतीय नौसेना ने कहा कि नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक ढ्ढहस् सूरत ने समुद्र की सतह पर लक्ष्य पर सफलतापूर्वक सटीक सहकारी हमला किया, जो हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर है।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर हुई सर्वदलीय बैठक दो घंटे चली, राहुल गांधी बोले हर कार्यवाही को विपक्ष का पूरा समर्थन रहेगा



नई दिल्ली-(आरएनएस) जम्मू-काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर संसद एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक 2 घंटे चली. गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े सहित कई नेता इसमें शामिल हुए.

सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की. विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है. राहुल गांधी शुक्रवार को कश्मीर के अनंतनाग जाएंगे. वहां हमले में घायल हुए लोगों से मिलेंगे. बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया.

इससे पहले केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर आज पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया. विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोडऩा होगा. क्योंकि 27 अप्रैल से उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं. जिन्हें मेडिकल वीजा मिला हैए उन्हें 29 अप्रैल 2025 तक भारत छोडऩा होगा. विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की भी सलाह दी है. आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी कल श्रीनगर जा रहे हैं.

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अमित शाह का मीटिंग, सर्जिकल स्ट्राइक के डर से पाकिस्तान खौफजदा



नई दिल्ली-(आरएनएस)- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह बैठक मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बुलाई गई थी, जिसमें एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिनमें से यादातर पर्यटक थे। रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रियों ने राष्ट्रपति को पहलगाम आतंकवादी हमले के बारे में जानकारी दी, घटना और मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस बीच, विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पहलगाम आतंकी हमले पर जानकारी देने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, इटली, कतर, जापान, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस के शीर्ष राजनयिकों को बुलाया। विदेश सचिव ने 30 मिनट तक चली बैठक के दौरान इन राजनयिकों को जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने गुरुवार को पहलगाम आतंकी हमले पर जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत नई दिल्ली स्थित चुनिंदा देशों के राजदूतों को जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय में अमेरिका, यूरोपीय संघ, इटली, कतर, जापान, चीन, रूस, जर्मनी और फ्रांस समेत अन्य देशों के शीर्ष राजनयिक पहुंचे।

## आतंकियों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी- पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया-मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ देशभर में गुस्सा है और पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग उठ रही है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी में सरकार का रुख साफ कर दिया। यहां आम सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकियों ने मासूम देशवासियों पर हमला किया है। यह हमला देश की आत्मा पर हमला है।

बकौल पीएम मोदी, मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि आतंकियों और उनके आकाओं को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-कुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। (नीचे देखिए पीएम मोदी के संबोधन का वीडियो)

पीएम मोदी ने आगे कहा- इस आतंकी हमले




में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई और किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था, कोई यहां बिहार का लाल था। आज उन सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है, हमारा आक्रोश एक जैसा है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।

**अंग्रेजी में क्यों बोले पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर अपनी बात अंग्रेजी में भी रखी। अंग्रेजी में इसलिए ताकि संदेश अन्य देशों तक भी चला जाए कि इस बार भारत बड़ा कदम उठाने जा रहा है।

पीएम मोदी ने अपनी सभा की शुरुआत में सभी लोगों को अपने स्थान पर बैठने को कहा और पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनट श्रद्धांजलि दी।

इससे पहले पीएम मोदी ने 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं देश को समर्पित की। पीएम ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली पंचायतों के प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किया।

आतंकी हमले के बाद सभा पर किसी तरह का संगीत नहीं बजाया गया, ना ही ढोल का उपयोग हुआ। पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह पहला मौका रहा, जब पीएम मोदी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए।

## इंडिया-पाक के बीच नया पंगा

## गलती से सीमा पार चला गया बीएसएफ का जवान, पाकिस्तान ने लौटाने से किया इनकार

फिरोजपुर (आरएनएस)। पंजाब के फिरोजपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान बीती रात गलती से पाकिस्तान सीमा में प्रवेश कर दिया। जवान को पाकिस्तान के रेंजर्स ने पकड़ लिया। ताजा खबर यह है कि बीएसएफ ने अपने जवान को लौटाने की घोषणा की थी, जिसे पाकिस्तान ने ठुकरा दिया है। जवान की सुरक्षित वापसी के लिए बुधवार देर रात बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच हुई फ्लैग मीटिंग हुई थी। तब बीएसएफ ने अपने जवान को लौटाने की मांग की



थी, लेकिन पाक रेंजर्स ने इसको ठुकरा दिया। अब इस मुद्दे को लेकर आज फिर बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच फ्लैग मीटिंग होगी। बता दें बीएसएफ का जवान जिस यूनिट का हिस्सा है, उसकी कुछ दिन पहले ही यहां पर तैनात हुई है। सीमा की पहचान नहीं होने के कारण जवान गलती से पाकिस्तान चला गया था।

### अब तक का सबसे बड़ा अभियान- तीन राज्य के 10 हजार जवानों ने हिड़मा को घेरा, 72 घंटों में 3 माओवादी ढेर

जगदलपुर ।(आरएनएस)। बीजापुर जिले के तेलंगाना सीमा से सटे करेंगुट्टा क्षेत्र में हिड़मा समेत शीर्ष माओवादी नेताओं की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बल की ओर से अब तक का सबसे बड़ा अभियान छेड़ा गया है। अभियान के केंद्र में कुख्यात माओवादी हिड़मा है, जिसे मार गिराने छत्तीसगढ़, तेलंगाना व महाराष्ट्र की फोर्स के दस हजार से अधिक जवान बीते सोमवार से अभियान पर है। अभियान के 72 घंटे बीत जाने के बाद पुलिस की ओर से जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे करेंगुट्टा की पहाड़ी के पास हुए मुठभेड़ में तीन महिला माओवादियों के शव व हथियार मिले हैं। मारे गए माओवादी हिड़मा की बटालियन के सदस्य हैं, जिनकी पहचान की जा रही

### हम कश्मीरियों को दुश्मन न समझें, हमारी कोई गलती नहीं, ये सब पाकिस्तान ने किया- उमर अब्दुल्ला



नई दिल्ली-(आरएनएस)। उमर अब्दुल्ला ने बाद में मीडिया से कहा कि हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, चाहे वो 25 मेहमान हों या हमारे स्थानीय बहादुर युवा जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद को दूसरों के लिए कुर्बान कर दिया। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को इस घटना के खिलाफ सामने आने के लिए धन्यवाद देता हूं।

## 25 अप्रैल को देश भर में कैंडल मार्च निकालेगी कांग्रेस, कहा- पाकिस्तान ने रची साजिश



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान जाने के दो दिन बाद, कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने गुरुवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाए जाने की निंदा की गई। शांति की अपील करते हुए, सीडब्ल्यूसी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय पर भी हमला किया और केंद्र पर भारी सुरक्षा विफलता और खुफिया चूक का आरोप लगाया। सीडब्ल्यूसी ने आगे दावा किया कि पर्यटकों पर हमला उस जगह पर हुआ, जहां हमेशा तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रही है। सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में कहा गया कि सीडब्ल्यूसी ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया और इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में कायराना आतंकी हमले की साजिश पाकिस्तान ने रची। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि देशभर में भावनाएं भड़काने के लिए हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है; हम इस गंभीर उकसावे के बावजूद शांति की अपील करते हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि खुफिया विफलताओं, सुरक्षा खामियों का व्यापक विश्लेषण जरूरी है।

पहलगाम हमले पर सीडब्ल्यूसी प्रस्ताव में कहा गया कि यह चौंकाने वाली बात है कि भाजपा इस त्रासदी का इस्तेमाल अविश्वास और ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए कर रही है, जबकि एकजुट होने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इसमें कहा गया है कि अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सुरक्षा को निश्चित रूप से राष्ट्रीय प्राथमिकता मिलनी चाहिए; मजबूत, पारदर्शी, सक्रिय व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए। के. सी. वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 अप्रैल को देशभर में कैंडल मार्च निकालेगी। कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को पहलगाम आतंकवादी हमले पर विचार-विमर्श के लिए पार्टी कार्यसमिति की एक आपात बैठक की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी, महासचिव के सी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य नेताओं ने यहां पार्टी के 24, अकबर रोड कार्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में भाग लिया।

## भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान ने कराची में किया मिसाइल परीक्षण आज शिमला समझौते से भी पीछे हट सकता है




इस्लामाबाद (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन शुरू कर दिया है। सिंधु नदी का पानी रोकने सहित पांच पाबंदियां पाकिस्तान पर लगाई गई हैं। इसके बाद पाकिस्तान सरकार में हलचल तेज है। वहीं, डिप्टी पीएम इशाक डार ने भारत ने परमाणु बम वाली धमकी दी है। डार ने कहा है कि भारत की पाबंदियां गैर मुनासिब हैं। पाकिस्तान के पास भी परमाणु हथियार हैं और हम झुकेंगे नहीं।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली में पाक उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन**

## पाकिस्तान मर्दाबाद-मुर्दाबाद के लगे नारे...




नई दिल्ली-(आरएनएस)। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। हालांकि, गुरुवार तक पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर लगे सभी बैरिकेड हटा दिए गए थे। पुलिस ने उन्हें परिसर में पहुंचने से पहले ही रोक दिया। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से प्रदर्शनकारी पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन करने आए थे। इस हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे और कई घायल हुए थे। आतंकवाद विरोधी कार्रवाई मंच और भाजपा के सदस्यों ने भी पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली में, आतंकवाद विरोधी कार्रवाई मंच द्वारा आज वहां एक बड़े विरोध प्रदर्शन की घोषणा के बाद चाणक्यपुरी इलाके में पाकिस्तान उच्चायोग के आसपास सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। यह कदम बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच उठाया गया है, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अताशे को अवांछित घोषित कर दिया है और दिल्ली में पाकिस्तानी राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में कमी करने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सुरक्षा पर एक उच्च स्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक की और सिंधु जल संधि को निलंबित करने और पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा जारी करने पर रोक लगाने सहित सख्त कार्रवाई करने का संकल्प लिया।

## एसपी के तबादले पर दिग्विजय सिंह भड़के

**दिग्गी बोले- 'इतिहास तुम्हें माफ नहीं करेगा**



गुना (आरएनएस)। एसपी संजीव कुमार सिंह के तबादले को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि जो अफसर कानून का पालन करे, उसे सताना ठीक नहीं है। इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा। गुना में 12 अप्रैल हनुमान जयंती पर कर्नलगंज में सांप्रदायिक दंगों के दौरान हिंदूवादी संगठनों पर पथराव को लेकर दो रिपोर्ट दर्ज की गई थीं। इस घटना के हफ्ते भर बाद एसपी संजीव कुमार का ट्रांसफर कर दिया गया। उनकी जगह इंदौर से अंकित सोनी को गुना का एसपी बना दिया गया। दिग्गी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्रीजी, क्या यही शासन चलाने का सही तरीका है कि जो कानून का पालन करे, उसे परेशान करें। अपराधियों को बचाए, उसे स्मानित करें। दिग्विजय सिंह ने कहा कि गुना के एक पार्षद कई बार माहौल बिगाड़ चुके हैं। प्रदेशभर में इसी तरह की तानाशाही चल रही है। जो भाजपा की बात नहीं करता है, उस अफसर और नेता को परेशान किया जाता है।

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भड़का कुमार विश्वास गुस्सा, कहा- बदला लिया जाएगा**

## कुत्ता पागल हो जाए तो गोली मारी जाती है...



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर आतंकी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार दोपहर 2.45 बजे हुए इस हमले को अंजाम दिया गया। लश्कर-ए-तैयबा की विंग द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गोलीबारी के बाद आतंकी भाग गए। अब देश के लोग जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की मौत पर शोक मना रहे हैं। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों की इस कायराना हरकत से भारतीयों में आक्रोश है, जो आतंकियों के खिलाफ सशस्त्र बलों द्वारा उचित जवाबी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

आप के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास ने बुधवार को हुए आतंकी हमले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें कथित तौर पर 28 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, उन्होंने आतंकियों के सफाए की मांग की। अपने कविता पाठ की एक पुरानी क्लिप साझा करते हुए कुमार ने एक एक्स पोस्ट में कहा- एक दशक पहले कहा था, फिर दोहरा रहा हूं। इसे आज या कल समझो - यही एकमात्र इलाज है। क्लिप में कुमार द्वारा सुनाई गई कविता कहती है,जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है- देश बनाएँ या अपने बेटों की लाशें ढोएँ? इस दुविधा में हर पक्षी




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना माढ़ोताल में रात्रि रंजन कुमार पाण्डे उम्र 37 वर्ष निवासी स्टार सिटी फेस 2 करमेता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह विधुत विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर शहपुरा भिटोनी में कार्यरत है घर में ताला लगाकर परिवार सहित बख्तियारपुर जिला पटना बिहार चला गया था दिनांक 17-4-25 को सुबह लगभग 8 बजे घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को आनलाईन अपने मोबाइल पर देखा घर का सामान अस्त व्यस्त दिखा चोरी होने की आशंका पर पडौसी पवन यादव को फ़ोन कर अपना घर चैक करने के लिये कहा तो पवन यादव ने घर चैक कर बताया

# पहलगाम के मजलूमों को श्रृध्दांजलि, आतंक के मुकम्मल सफाए की मांग

## शहीद अब्दुल हमीद चौक में प्रदर्शन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले के खिलाफ एवं हमले में मारे गये लोगों के समर्थन में शहीद अब्दुल हमीद चौक (रद्दी चौकी) में साम 6 बजे श्रृध्दांजलि सभा एवं प्रदर्शन किया गया गुरुवार देर शाम राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि नगर निगम एवं पूर्व पार्षद पंडित मोती लाल नेहरू वार्ड के सैय्यद ताहिर अली द्वारा किया गया. श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा , वरिष्ठ नेता कदीर सोनी ,नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा उपस्थित रहे. यहां पहलगाम हमले में मारे गये 29 मासूम भारतीयों को 2 मिनट के मौन एवं मोतबत्ती जलाकर श्रृध्दांजलि दी गई. जिसके बाद पाकिस्तान एवं पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ प्रदर्शन एवं नारे बाजी कर भारत सरकार से ठोस कार्यवाही की मांग की गई.

ताहिर अली ने यहां कहा पहलगाम में जो कुछ हुआ उसने पूरी इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है. हम सब उन मजलूमों के साथ खड़े हैं, जिनका आतंकवादियों ने बेरहमी से कत्ल किया. वहीं हम भारत सरकार से यह मांग करते हैं उन आतंकियों को ढूंढकर मारा जाए. उस आतंकी संगठन को नेस्तनाबूद किया जाए. उस आतंकी संगठन की फंडिंग करने वाले देश को भी सबक दिया जाए. ताहिर ने कहा इस कार्यवाही इस बार ऐसी होनी चाहिये की आतंक का मुकम्मल सफाया हो. अब समय आ गया है कि बार बार कब तक देश आतंकी हमले का सामना करेगा इस बार वारदात को अंजाम देने का समय है कि पाकिस्तान को नेस्तनाबूत किया जाय पूरा देश प्रधानमंत्री जी के सात है परंतु आज सुबह न्यूज चैनलों मै देखा कि प्रधानमंत्री जी बिहार मै चुनावी सभी को संबोधित कर रहे है बहुत दुख हुआ सारी संवेदना राजनीति की भेट चढ़ गई !!

सौरभ शर्मा ने यहां कहा, हम भारत सरकार के हर उस फैसले के साथ खड़े हैं, जो आतंकवाद के खात्मे के लिये उठाया जाएगा. वहीं हम मांग करते हैं की इतना बड़ा सुरक्षा फेलियर किसकी लापरवाही में हुआ है,

उसकी भी जांच की जाए और उसपर भी कार्यवाही हो. जिससे भविष्य में ऐसी सुरक्षा चूक न हो.

अमरीष मिश्रा ने यहां कहा, आज पूरा देश एक साथ आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है, हम सब एकजुट हैं और एक साथ हैं. जो लोग इस घटना की आड़ में साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, वो निंदनीय है. हम पहलगाम हमले में मारे गये परिवारों की प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और भारत सरकार से आतंकियों और उनके आकाओं के खिलाफ मजबूत कार्यवाही की मांग करते हैं.

इस दौरान .. हेमकरड गोलछा, पार्षद सतेंद्र चौबे ,वकील अंसारी,याकूब अंसारी, दिलावर भाई,पी पी पटेल ,मनोरम गोलछा ,खुर्शीद अंसारी, पूजा ,शफीक हिना, शकील अंसारी ,दिलशाद अहमद , गोलू मंसूरी, गोलू खान ,मुबारिब अंसारी,इम्तियाज अहमद ,इफ्तखार अंसारी, साबिर ,एडवोकेट ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, एडवोकेट अबरार अहमद ,एडवोकेट अल्तमश,एडवोकेट निजामुद्दीन ,एडवोकेट बाहर अंसारी, एडवोकेट महफुच खान , एडवोकेट सोहराब गोहर, एडवोकेट शाद , एडवोकेट अहद मालगुजार ,एडवोकेट मंसूरी , एडवोकेट अफजाल रहमानी, युवा कांग्रेस अंकित यादव ( क्क्रह)इस्तियाक अंसारी,राजू लाइक, आजाद अंसारी ,मकसूद भाई आरिफ बेग, नीरज पटेल ,रविन्द्र गौतम,आशिफ इकबाल, नदीम राइन,शेख फारूक, चंकी, तारीक अंसारी. एजाज अंसारी,इमरान मंसूरी,शफीक अंसारी, मजहर उस्मानी ,आबिद मंसूरी, शैलेश रजक ,मुख्तार अंसारी, फ़ि जु खान,रियाज खान ,आजम कुरैशी, राजू तोमर,तनवीर , सरवर होटल , सोहेल , वसीम भाई आदि सैकड़ों लोग अधिवक्ता, समाज सेवी , आम जन उपस्तिथि थे !!

## मानव अधिकार संगठन ने कहा- सुरक्षा एजेंसियों को किया जाए मजबूत

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में राष्ट्रपति- प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दिल दहला देने वाले पहलगाम में 26 पर्यटकों की आतंकियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के दोषियों पर कड़ी सजा मिलनी चाहिए. पाकिस्तान से सारे व्यापारिक रिश्ते तोड़े जाए,पाकिस्तानियों का वीसा ना दिया जाए और जो रह रहे है उनको तुरंत भेजे पाकिस्तान भेजा जाए. मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसौदिया व जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने

राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में उक्त बात कही है. पत्र में कहा गया है कि कोई हनूमन पर गया ,कोई बच्चों के साथ छुट्टी पर ,कोई गया काम से ,कोई गया वादिया देखने ,और लाया अपने साथ अपनी मौत ,क्या क़ुसूर था उनका बताए आप? ,सरकार की नाकामी और ख़ुफ़िया तंत्र का विफल होना मौत का ज़िम्मेदार है ,आपसे हमारा आग्रह है कि पाकिस्तान से व्यापारिक रिश्ते तुरंत बंद हो ,कोई वीसा पाकिस्तानियों को नहीं दिया जाए और भारत में रह रहे पाकिस्तानियों को तुरंत देश निकाला हो .यदि आप देश की स्थितियों पर गंभीर फ़ैसले लेंगे तभी देश को मज़बूत स्थिति मिलेगी. संगठन के अमित सिसोदिया,डा. अजय वाधवानी के साथ ही, एड भावना निगम,डा अभिषेक जैन ,डॉ. अभिजीत जैन ,एड रोशन मंध्यानी,डा दिगंत पाठक ,एड अंकित मिश्रा ,एड विवेक शुक्ला आदि ने पत्र में मांग की है कि मृतक के परिजनों को हर परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी और पर्याप्त मुआवजा राशि तत्काल दी जाए.

## सुनील कुमार श्रीवास्तव का निधन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 206 अर्पित अपार्टमेंट नागरथ चौक निवासी सुनील कुमार श्रीवास्तव का निधन हो गया। वे शांतनु के पिताजी और एडवोकेट सुधीर श्रीवास्तव व पश्चिम मध्य रेल के अभियंता मनीष श्रीवास्तव के अग्रज थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में हुआ।

## हज प्रशिक्षण व स्वास्थ परिक्षण शिविर 26 अप्रैल को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राज्य शासन की म.प्र. स्टेट हज के निर्देशानुसार जबलपुर से हज करने मक्का-मदीना (साउदी अरब) जाने वाले हाजी-हज्जानियो को हज करने के नियमो से प्रशिक्षित करने व स्वास्थ परिक्षण और वेक्सीनेशन हेतु जिला हज कमेटी के द्वारा शिविर का आयोजन म.प्र.%स्टेट हज कमेटी की सदस्य एड. रोजीना कुरैशी की अध्यक्षता में कल शनिवार 26 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से गोहलपुर स्थित ईडब्लूएस गर्ल्स स्कूल मे आयोजित किया गया है। शिविर में स्टेट हज कमेटी द्वारा नियुक्त ट्रेनर हाजी मुईन खान, हज्जन अफशा शिराज, हाजी मुज्जफर हुसैन, हाजी खुर्शीद अनवर, हाजी इरशाद खान द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा तत्पश्चात विक्टोरिया अस्पताल की स्वास्थ टीम द्वारा हज यात्रियों को स्वास्थ वर्धक टीके लगाये जायेंगे। जिला हज कमेटी के अध्यक्ष मकबूल अंसारी, अकील अंसारी, सैफुल्ला अंसारी, निजाम कुरैशी आदि ने सभी हज यात्रियों से समय पर उपस्थिति की अपील की है।

# मदनमहल से होते हुए धनबाद से एलटीटी के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से धनबाद-एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 10-10 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित श्रेणी के द्वितीय, तृतीत एवं इकोनॉमी कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के बरगवां, ब्यौहारी, कटनी साऊथ, मदनमहल, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 03327 धनबाद-एलटीटी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 26 अप्रैल से 28 जून 2025 तक प्रत्येक शनिवार को धनबाद स्टेशन से सुबह 08:00 बजे प्रस्थान कर, सिंगरौली शाम 17:15 बजे, बरगवां 18:23 बजे, ब्यौहारी रात 20:45 बजे, कटनी साऊथ रात्रि 22:45 बजे, अगले दिन मदनमहल मध्यरात्रि 00:20 बजे, पिपरिया 02:25 बजे, इटारसी 03:40 बजे पहुँचकर और रविवार शाम 17:30 बजे एलटीटी स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03328 एलटीटी-धनबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 अप्रैल से 29 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को एलटीटी स्टेशन से रात 20:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी सुबह 09:00 बजे, पिपरिया 10:15 बजे, मदनमहल दोपहर 12:30 बजे, कटनी साऊथ 14:05 बजे, ब्यौहारी 16:20 बजे, बरगवां 18:55 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन मंगलवार सुबह 08:40 बजे धनबाद स्टेशन पहुँचेगी।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कतरासगढ़, चंद्रपुरा जंक्शन, बोकारो थर्मल, राची रोड, पतरातू, खलारी, लातेहार, डालटनगंज, गढ़वा रोड जंक्शन, रेणुकूट, ओबरा डैम, सिंगरौली, बरगवां, ब्यौहारी, कटनी साऊथ, मदनमहल, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड़ एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## लघुकथा उत्सव 27 मई को

शब्दरथ, साहित्य संसार, काव्य कलश, के तत्वावधान में विराट लघु कथा उत्सव दिनांक 27 मई को 4:30 बजे से कचनार परिसर में होगा । प्रसंग संस्था के मार्गदर्शन में हो रहे इस लघुकथा सम्मेलन में 50 लघुकथाकार अपनी कथा का वाचन करेंगे।

# अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल एथलेटिक्स और टग ऑफ वार प्रतियोगिता में एमपी पावर को मिली दोहरी सफलता



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल एथलेटिक्स व टग ऑफ वार प्रतियोगिता में एमपी पावर टीम को दोहरी सफलता मिली है। कोल्हापुर में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एमपी पावर टीम को एक स्वर्ण व दो कांस्य पदक मिले। वहीं पटियाला में आयोजित अख?िल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल टग ऑफ वार (रस्साकसी) प्रतियोगिता में कांस्य पदक मिला।

46 वीं अख?िल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एमपी पावर के संजय लाल बैगा ने लम्बी कूद (लांग जम्प) स्पर्धा में 5.68 मीटर कूद का स्वर्ण पदक जीता। एमपी पावर के धर्मेन्द्र खेर ने 1500 मीटर की दौड़ स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पुरूषों की 4ङ्ग400 मीटर रिले रेस में एमपी पावर के हेमंत कुमार वर्मा, विजय तिवारी, संजय लाल बैगा व धर्मेन्द्र खेर की चौकड़ी ने प्रतिद्वंदी धावकों को कड़ी टक्कर देते हुए कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। एमपी पावर की एथलेटिक्स टीम में इंदौर के विजय तिवारी, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के सुभाष पारते, हेमंत कुमार वर्मा, संजय लाल बैगा, अजय सिंह मरावी, ग्वालियर के अशोक कुमार केवट, छिंदवाड़ा के लवकेश उइके, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी के धर्मेन्द्र खेर व घनश्याम उइके, खरगोन के भूरिया ओसरी, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया के अख?िलेश सिंह व जबलपुर के धर्मेन्द्र सिंह शामिल थे। जबलपुर के अशोक चौहान टीम के मैनेजर व महेश यादव कोच थे।

46 वीं अख?िल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल टग ऑफ वार (रस्साकसी) प्रतियोगिता में एमपी पावर की टीम तृतीय स्थान पर रही। एमपी पावर ने तीसरे व चौथे स्थान के मुकाबले में राजस्थान की टीम को पराजित किया। प्रतियोगिता का ख?िताब पंजाब ने हरि?याणा को हराकर जीता।

एमपी पावर की टग ऑफ वार टीम का प्रतिनि?धि?त्व आशीष चौधरी, अफ़जल खान, विनोद कनौजिया, कमल सिंह, मनोज उराव, प्रवीण कुमार, मुकेश शुक्ला, राकेश यादव, शीतल कुमार, संजय सिंह ने किया। टीम के कोच रावेन्द्र कुमार वर्मा व मैनेजर सूर्यभान वर्मा थे।

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने दोनों टीमों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## सहायक संचालक पूनम बरकडे द्वारा कुण्डम के स्कूलों का औचक निरीक्षण

# स्कूल रहे साफ एवं स्वच्छ, शिक्षक पहुचे समय पर स्कूल





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक स्कूल मे शिक्षको को समय पर उपस्थित होने के निर्देश है। स्कूल मे साफ सफाई का भी ध्यान रखना आवश्यक है।जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के द्वारा स्वयं ही पूरे जिले मे निरीक्षण किए जा रहे है, शिक्षा कि गुणवत्ता मे किसी भी प्रकार से कोताही न हो इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है।जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के निर्देश पर पूरे जिले मे सभी सहायक संचालक एवं अधिकारी विद्यालयों का सतत निरीक्षण कर रहे है।

इसी क्रम मे सहायक संचालक पूनम बरकड़े के द्वारा कुण्डम विकास खंड के स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शा हाई स्कूल तिलसानी के प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय मे एक भी छात्र छात्रा उपस्थित नहीं थे। विद्यालय परिसर मे साफ सफाई नहीं पायी गयी। शा हाई स्कूल ईमलई राजा मे निरिक्षण के समय प्राचार्य प्रात: 11:30 बजे शाला मे अनुपस्थित पाए गए जबकि शाला का समय 12 बजे तक है.। विद्यालय मे एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। शा हाई स्कूल लहसर तथा शा मा शाला लहसर मे निरीक्षण के समय स्टाफ उपस्थित था पर बच्चें एक भी नहीं थे। शास हाई स्कूल धनवाही मे निरीक्षण के समय स्टाफ उपस्थित था परन्तु बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पायी गयी जिसको बढ़ाने के निर्देश प्राचार्य को दिए गए। शा प्राथ शाला फ़ीफ़री के निरीक्षण मे शिक्षक श्री देवेंद्र बैरागी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए. निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक पूनम बरकड़े ने बताया कि निरीक्षण मे पायी गयी अनियमितताओ पर सभी संबंधित को कारण बताओ पत्र जारी कर जवाब माँगा गया है, संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को नाम प्रस्तावित किए जाएंगे।

# पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा संरक्षा पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

## बीते वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड ट्रैक रिन्यूअल कार्य संपन्न हुए

### इन अनुरक्षण कार्यों से ट्रैक तथा गाड़ियों की संरक्षा गुणवत्ता में बेहतर सुधार हुए

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत चार सप्ताह में भारतीय रेलवे में संरक्षा से सम्बंधित चार जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे में अधोसंरचना कार्यों के अलावा संरक्षा पर प्रमुखता से ध्यान देते हुए अनुरक्षण कार्यों के अंतर्गत ट्रैक पर विभिन्न रिन्यूअल कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें संरक्षा के अंतर्गत इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए ट्रैक अनुरक्षण क्षेत्र में नवीनीकरण कार्यों को निष्पादित किया जा रहा है। ट्रैक नवीनीकरण के इन कार्यों में सी.टी.आर. (कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल), टी.आर.आर. (थ्रू रेल रिन्यूअल), टी.एस.आर (थ्रू स्लीपर रिन्यूअल), टी.टी.आर (थ्रू टर्न आउट रिन्यूअल), डीप स्क्रीनिंग इत्यादि कार्य शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि ट्रैक नवीनीकरण से संबद्ध उक्त समस्त कार्य संरक्षा से जुड़े हुए कार्य हैं। पमरे द्वारा संरक्षा से जुड़े इन समस्त कार्यों को तीव्रता के साथ निष्पादित करने के परिणाम स्वरूप अनुरक्षण कार्यों से संरक्षा को मजबूती मिली है।

बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेल एवं स्लीपर रिन्युअल, टर्न आउट एवं प्लेन ट्रैक डीप स्क्रीनिंग सम्पन्न हुए कार्य:-

थ्रू रेल रिन्यूअल: ट्रैक नवीनीकरण में कुल 512 ट्रैक किलोमीटर का थ्रू रेल रिन्यूअल कार्य पूर्ण किया, जो लक्ष्य का 116 प्रतिशत है।

* थ्रू स्लीपर रिन्यूअल: कुल 392 ट्रैक किलोमीटर का थ्रू स्लीपर रिन्यूअल कार्य किया, जो लक्ष्य का 131 प्रतिशत है।

* कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल: कुल 452 यूनिट्स कम्पलीट ट्रैक रिन्यूअल का कार्य निष्पादित किया गया, जो लक्ष्य का 122 प्रतिशत है।

* प्लेन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग: कुल 709 ट्रैक किलोमीटर का प्लेन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग कार्य निष्पादित किया गया, जो लक्ष्य का 142 प्रतिशत है। * टर्न आउट के डीप स्क्रीनिंग: कुल 568 यूनिट्स का टर्न आउट के डीप स्क्रीनिंग कार्य किया, जो लक्ष्य का 162 प्रतिशत है।

* थ्रू टर्न आउट: ट्रैक टर्न आउट नवीनीकरण कार्यों में कुल 536 यूनिट्स टर्नआउट कार्य किया, जो लक्ष्य का 116 प्रतिशत है।

उपरोक्त सभी कार्य ट्रैक तथा यात्री गाड़ियों की संरक्षा की गुणवत्ता में बढ़ोतरी सुनिश्चित करते है, एवं इसीप्रकार पश्चिम मध्य रेल अपने निर्धारित लक्ष्यों की ओर अग्रसर एवं संरक्षा से जुड़े कार्यों के प्रति कृत संकल्पित है।

# वक्फ मोमिन ईदगाह गोहलपुर, जबलपुर में रविवार को हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मोमिन ईदगाह गोहलपुर द्वारा हर साल की तरह इस साल भी हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर दिनांक 27/04/2025, दिन रविवार, सुबह 9:00 बजे से दोपहर शाम 5:00 बजे तक मोमिन ईदगाह गोहलपुर, जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में हज व उमरा का तरीका, उनके फजाईल व मसाईल, सफर-ए-हज की तैयारी और जियारत-ए-मदीना शरीफ के आदाब और तरीके आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। तमाम हज बैतुल्ला पर जाने वाले हाजियों से मोमिन अंसार सातों की कमेटी और मोमिन ईदगाह एक्शन कमेटी शिरकत की गुजारिश करती हैं कि इस शिविर में पहुंचकर हज प्रशिक्षण का लाभ उठाएं।



भोपाल -पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती कृष्णा गौर ने गुरुवार को वार्ड 56 में क्षेत्रवासियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और एसडीएम को अवैध कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान आनंद बिहार कालोनी और नरेंद्र नगर बरखेड़ा पठानी की महिलाओं ने राज्यमंत्री श्रीमती गौर को बताया कि बिल्डर ने प्लॉट बेच दिए। पानी, बिजली और नाली जैसी कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई।

### ग्रामीण क्षेत्रों तक विज्ञान को प्रायोगिक रूप से दिखाने के उद्देश्य से आरंभ होगा सांइस ऑन व्हील कार्यक्रम

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर भोपाल में होगा भव्य ड्रोन शो-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किमध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवम्बर को भोपाल में विरासत से विकास की थीम पर भव्य ड्रोन लाइट शो आयोजित किया जाए। प्रदेश में इसरो के समान शोध केंद्र बनाने की दिशा में भी विद्वानों और विशेषज्ञों से सलाह लेकर पहल की जाए। इससे अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। नीमच में मध्यप्रदेश बायो-टेक्नॉलोजी पार्क की स्थापना कर इससे जुड़ा इन्क्यूवेशन सेंटर साइंस सिटी उज्जैन में बनाया जाए।यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विभिन्न स्रोतों और प्रक्रियाओं से प्राप्त डाटा का उपयोग शोध के साथ-साथ शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के प्रबंधन में भी हो।मुख्यमंत्री डॉ. यादवने यह



निर्देश मंत्रालय में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में दिए। बैठक में राज्य में नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को गति देने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि परिषद द्वारा प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों पर केंद्रित डिजिटल एटलस विकसित किया जा रहा है। प्रदेश के कारीगरों को देश के ख्याति प्राप्त विशेष विशेषज्ञों से संवाद और उनके द्वारा विकसित उन्नत तकनीकों के माध्यम से कारीगरों के कौशल उन्नयन के लिए प्रदेश में कारीगर विज्ञान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उज्जैन और जबलपुर में 15 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से विज्ञान केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। उज्जैन के डोंगला में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अंतरिक्ष अनुसंधार केन-?द्र की स्थापना, कालगणना केन-?द्र के रूप में उज्जैन को प्रतिस्थापित करने तथा साइंटिस्ट मेमोरियल की स्थापना की भी योजना है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों तक विज्ञान को प्रायोगिक रूप से दिखाने के उद्देश्य से सांइस ऑन व्हील योजना संचालित की जाएगी। बैठक में परिषद द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रगति की जानकारी भी दी गई। साथ ही परिषद के अधिकारियों/ कर्मचारियों को 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ समयमान देने के लिए सैद्धांतिक अनुमति प्रदान की गई है।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की समीक्षा की



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल (ई-एचआरएमएस) की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉड्यूल मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के सिद्धांतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉड्यूल में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश इस तरह से किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लागू प्रतिबंध अगले कुछ दिनों में हटाया जाने वाला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी समयावधि को ध्यान में रखते हुए ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की अंतिम टेस्टिंग पूर्ण कर ली जाए, जिससे प्रतिबंध हटते ही स्थानांतरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा, सुगमता और पारदर्शिता के साथ संचालित की जा सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह मॉड्यूल प्रदेश में मानव संसाधन प्रबंधन को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी,

### एम.पी. ट्रांसको का डिजिटाइजेशन की दिशा में एक और प्रभावी कदम

# डिजिटल एम.बी. के माध्यम से ही होगा वेंडर, कांट्रेक्टरों का भुगतान -ऊर्जा मंत्री तोमर



भोपाल-(आरएनएस)एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्यालयीन प्रक्रियाओं में नई तकनीकों के समावेश को आगे बढ़ाते हुए डिजिटाइजेशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यों के बिलों का भुगतान, जो पूर्व में भौतिक मापन पुस्तिका में मैन्युअल प्रविष्टि के बाद होता था, अब वह डिजिटल एम.बी. के माध्यम से ही होगा। एम.पी. ट्रांसको के विभिन्न विभागों में इसका उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि अब संपूर्ण मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के कार्यालयों में शत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ वेंडर, ठेकेदारों आदि के बिल डिजिटल एम.बी. के माध्यम से भुगतान किये जा रहे हैं। इससे न केवल भुगतान की प्रक्रिया आसान हुई है बल्कि वेंडर, कॉन्ट्रेक्टर आदि भी अपने बिलों की करंट स्टेट्स से अवगत रहते हैं। साथ ही उन्हें निर्धारित समय पर भुगतान प्राप्त भी हो रहा है।

एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री अजय पांडे ने बताया कि इस डिजिटल एम.बी. को कंपनी की आई.टी. एवं ई.आर.पी. सेल ने कंपनी के वित्तीय विभाग से समन्वय बनाकर इनहाउस विकसित किया है। डिजिटल एम.बी. में वेंडर और कॉन्ट्रेक्टर की उनके द्वारा किए गए कार्यों के पार्ट पेमेंट का नियमानुसार भुगतान करने की भी सुविधा दी गई है। सॉफ्टवेयर से किए गए कार्य, उपयोग हुआ मटेरियल और शेष कार्य तथा मटेरियल की गणना कर भुगतान की राशि निकल आती है।

क्या है डिजिटल एम.बी.

डिजिटल एम.बी. एक डिजिटल मापन पुस्तिका है। यह सरकारी कार्यालयों में बाहरी एजेंसी द्वारा किए गए कार्यों, सप्लाई किये गए मटेरियल के बदले भुगतान प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अभिलेख होता है। यह किए गए कार्य की वास्तविक माप या गिनती का मूल अभिलेख कहलाता है।

# स्मार्ट इरिगेशन इनोवेशन को विभागीय कार्ययोजना में शामिल करें-मंत्री सिलावट

भोपाल-(आरएनएस)जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि विभाग की सिंचाई कार्ययोजना में स्मार्ट इरिगेशन इनोवेशन को प्राथमिकता से सम्मिलित करें। यह भू-जल संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। अटल भू-जल योजना की गाइड लाइन अनुसार सिंचाई स्त्रोतों से जल दोहन की मात्रा नियंत्रित करने और फसलों की अच्छी उत्पादकता के लिए फसल अनुसार मिट्टी में आवश्यक नमी होनी चाहिए। इसके लिए कंट्रोल्ड स्मार्ट इरिगेशन आवश्यक है। प्रदेश के निवाड़ी एवं सागर जिलों में कुछ स्थानों पर डेमो उपकरण स्थापित किए गए हैं। इसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं। इस प्रणाली से भू-जल दोहन में कमी होगी, विद्युत व्यय एवं पम्प रखरखाव में कमी आएगी तथा मोबाइल आधारित सिंचाई नियंत्रण की सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध



होगी। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने मंत्रालय में अटल भू-जल योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से अटल भू-जल योजना चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य भू-जल स्तर में सुधार, जल प्रदाय के लिए टिकाऊ जल स्त्रोत और कृषि उत्पादन में वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि योजना के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए जनभागीदारी से निर्मित जल सुरक्षा योजना में सप्लाई एवं डिमांड अनुसार राज्य एवं केन्द्र शासन की प्रचलित योजनाओं के अभिसरण से कार्य कर बेहतर जल प्रबंधन सुनिश्चित करें। योजना में बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 6 जिले क्रमश: सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना एवं निवाड़ी और 09 विकासखण्डों (सागर, पथरिया, छतरपुर, नौगांव, राजनगर, पलेरा, बल्देवगढ़, अजयगढ़ एवं निवाड़ी) की 670 ग्राम पंचायतों में राशि 303 करोड़ रूपये से 3834 जल संरक्षण एवं संवर्धन संरचनाओं का निर्माण कर 92.60 मिलियन क्यूबिक जल संरक्षित किया गया है। साथ ही 163 ग्राम पंचायतों में भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। विकासखण्ड निवाड़ी सेमीक्रिटिकल श्रेणी में था, जो सुधार होकर संरक्षित श्रेणी में आंकलित किया गया है। हितग्राही मूलक योजनाओं में 7 लाख से अधिक हितग्राही लाभान्वित हुये हैं। सूक्ष्म सिंचाई हेतु 1500 से अधिक हितग्राहियों को ड्रिप स्प्रिंक्लर इत्यादि उपकरणों के वितरण पर 54 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की जाकर 2000 हेक्टयर से अधिक क्षेत्र सूक्ष्म सिंचाई युक्त विकसित किया गया है। योजनान्तर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने के लिए 18 चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से 2.70 लाख लोग प्रशिक्षित किये गये, जिसमें महिलाओं की सहभागिता 45 प्रतिशत से अधिक रही।

## निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर हटाए अतिक्रमण

भोपाल (आरएनएस) ।नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्पलाईन व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के अनेक क्षेत्रों से अतिक्रमणों को हटाने हेतु बड़े पैमाने पर कार्यवाही करते हुए सड़कों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाई गई दुकानों, गन्ने की चरखी, टेंट, फर्शियां, टपरा, ठेले, गुमठी, चार पहिया वाहन, फल-सब्जी की दुकानों, टेबिल, कुर्सी, ट्राली आदि के अतिक्रमणों को हटाते हुए 15 बोर्ड, 54 कैरेट, 02 इलेक्ट्रॉनिक काटे, 06 पलवा काटे/तराजू, 12 पन्नी, 14 लोहे के स्टैंड, लोहे की चेन, 01 गन्ने की चरखी, 01 गुमठी, 05 ठेले, 03 टेबिल, 01 स्टैंड बोर्ड आदि सहित बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार का सामान किया जप्त। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को न्यू मार्केट, अरेरा हिल्स, नई अदालत, अयोध्या बायपास रोड, नरेला जोड, शाहपुरा, अयोध्या नगर, वृंदावन कालोनी, रत्नागिरी, रायसेन रोड, पटेल नगर, एयरपोर्ट रोड, एरोसिटी, गोंदरमऊ, गांधी नगर, कोहेफिज़ा, हमीदिया रोड,

### मध्यप्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम की 199वीं बोर्ड बैठक हुई

# राज्य में कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने पर हुआ विचार-विमर्श

भोपाल-(आरएनएस) मध्यप्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम की 199वीं बोर्ड बैठक का आयोजन उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि निगम का प्रमुख उद्देश्य राज्य में कृषि आधारित उद्योगों को सशक्त करना और कृषि उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार क्षेत्रीय स्तर तक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं कृषि आधारित उद्योगों को गति प्रदान कर रही हैं, और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इनका लाभ अधिक से अधिक कृषि उद्यमियों तक पहुँचे।



मंत्री श्री कुशवाह ने निगम के प्रबंधन को निर्देशित किया कि वे कृषि उद्यमियों को हरसंभव तकनीकी और प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराएँ। उन्होंने यह भी कहा कि निगम की योजनाएं जिला स्तर पर निवेश आकर्षित करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के लिए प्रभावी रूप से क्रियान्वित की जाएं।

बैठक में कृषि उद्योग की वर्तमान स्थिति और चुनौतियों, जिला स्तर पर निवेश प्रोत्साहन और निगम द्वारा संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, उद्यानिकी आयुक्त श्रीमती प्रीति मैथिल, निगम के प्रबंध संचालक श्री अरविंद दुबे सहित संचालक मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम की स्थापना 21 मार्च, 1969 को कंपनी अधिनियम के अंतर्गत की गई थी।

## सेना के कमांडर को कार सवार युवकों ने पीटा

उज्जैन, आरएनएस। कश्मीर के उरी सेक्टर में पोस्टेड सेना के कमांडर अपनी कार से परिवार के साथ उज्जैन आए थे। वह उन्हेल रोड चकरावदा टोल के पास से गुजर रहे थे तभी दूसरी कार से टक्कर हो गई। इसको लेकर कार से उतरकर युवकों ने कमांडेंट के साथ मारपीट कर दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि कैलाश परिसर सुभानपुरा वडोदरा (गुजरात) में रहने वाले सेना के कमांडर अनुपम कुमार दुबे पिता राजेन्द्र आर. दुबे अपने परिवार के साथ कार से उज्जैन आए थे। यहां से लौटते समय सोमवार करीब 7 बजे वह उन्हेल रोड चकरावदा टोल नाके के पास से गुजर रहे थे तभी दूसरी कार से उनकी टक्कर हो गई। कमांडर अनुपम कुमार ने अपनी कार से उतरकर दूसरी कार में बैठे अशोक, सेवाराम, अर्जुन, रितेश, भरत को समझाने का प्रयास किया तो पांचों ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। अनुपम दुबे कुछ समझ पाते इतनी देर में बदमाशों ने उन पर हमला कर घायल कर दिया। अनुपम दुबे ने भैरवगढ़ थाने पहुंचकर बदमाशों के खिलाफ धारा 281, 125-ए, 115-2, 296, 351-3, 324-4, 3-5 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर पांचों को गिरफ्तार कर लिया।

# नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विवि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ, देश-विदेश के आए वन्यजीव विशेषज्ञ



जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विवि के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिक हेल्थ, वन विभाग मध्य प्रदेश एवं भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय चिड़ियाघर एवं वन्य जीव (एआईजेडडब्ल्यूवी)का 15 वां वार्षिक सम्मेलन और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइन स्थित वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि वेटरनरी कौंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष माननीय डॉ. उमेश चंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक केंट माननीय अशोक रोहाणी, विवि के कुलगुरु माननीय प्रो. डॉ. मनदीप शर्मा, माननीय पीसीसीएफ (मुख्य) असीम श्रीवास्तव, माननीय पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ शुभरंजन सेन, एआईजेडडब्ल्यूवी (ऑल इंडिया जू एडं वाइल्ड लाइफ वेटनेरियन्स इंडिया) माननीय डॉ. अपूर्व चक्रवर्ती, वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. आरके शर्मा, कॉफ्रेंस संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके बाद पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। कॉफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में आयोजन समिति ने सभी मंचसीन अतिथियों को अंग वस्त्र, पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इसके बाद स्वागत उद्बोधन वेटरनरी कॉलेज के डीन डॉ. आरके शर्मा ने दिया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक विवि के माननीय कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा ने कॉफ्रेंस के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए कॉफ्रेंस में आए सभी डेलीगेट्स को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस तीन दिवसीय सम्मेलन के विषय को बहुत ही उपयुक्त बताया और कहा कि इस तरह के वैज्ञानिक सम्मेलन की आज वन्य जीव संरक्षण हेतु बहुत आवश्यकता है साथ ही उन्होंने कहा वन्य जीव को बीमारियों से बचाना हमारा कर्तव्य है उन्होंने इस सम्मेलन में पधारे विदेशी वैज्ञानिकों और भारतीय वैज्ञानिकों को आपस में अपना ज्ञान आदान-प्रदान करने हेतु इच्छा जाहिर की।

उन्होंने आशा जताई कि इस कॉफ्रेंस के बाद निश्चित ही वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में और काम बेहतर हो सकेगा। समारोह के विधायक अशोक रोहाणी ने कॉफ्रेंस को लेकर आयोजन समिति को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जबलपुर में आयोजित कॉफ्रेंस से निश्चित ही वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कुछ नया सामने आएगा। यह गौरव का विषय है कि जबलपुर में वेटरनरी विवि स्थित है और देश-विदेश के एक्सपट्र्स दो दिन वन्यजीवों के संरक्षण पर मंथन करेंगे। शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा जीवन बेस्ट और ईस्ट थ्योरी पर है। बेस्ट का मतलब मानव और ईस्ट का मतलब प्रकृति। प्रकृति आप की रक्षा करती है और आप प्रकृति की रक्षा करें। वन हेल्थ पर काम करने की जरूरत है। इसके लिए वेटरनियन्स की बिल्ड कैपेसिटी बढ़ाने पर काम करना होगा। भारत के प्राचीन ज्ञान को प्रकृति के साथ बैलेंस करना पड़ेगा। मानवता को बचाने के लिए वेटरनियन्स को फ्रंट पर रखना होगा। कॉफ्रेंस में आउट पुट को शासन और कौंसिल को भेजे ताकि पॉलिसी और बेहतर बनाई जा सके। पीसीसीएफ असीम श्रीवास्तव ने कॉफ्रेंस के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा विवि का वन विभाग के साथ गहरा नाता रहा है। विवि ने मध्य प्रदेश में वाइल्ड लाइफ कर्जवेशन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ भोपाल शुभरंजन सेन ने विवि एवं आयोजन समिति को कॉफ्रेंस आयोजित करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह कॉफ्रेंस वन हेल्थ अपरोच के लिए मददगार साबित होगी। डॉ. अपूर्व चक्रवर्ती ने कहा इस तरह की कॉफ्रेंस को बहुत उपयोगी बताया। साथ ही उन्होंने एसोसिएशन के गठन और उसके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में देश-विदेश से वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञ शामिल होने से वाइल्ड लाइफ में बेहतर कोआर्डिनेटर का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में कॉन्फ्रेंस कंपैंडियम एवं सौवेनियर तथा इंडियन वाइल्डलाइफ ईयर किताब का विमोचन माननीय मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। कॉफ्रेंस के उद्घाटन सत्र में अतिथियों द्वारा वाइल्ड लाइफ के क्षेत्र विषेश योगदान देने के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से डॉ. एल एन आचार्यों को नवाजा गया। साथ ही वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हेतु सम्मानित किया गया इनमें इसी क्रम में सीनियर वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट एवं एसडब्ल्यूएफएच के पूर्व निदेशक डॉ. एबी श्रीवास्तव, डॉ. गजराजा सिंह, डॉ. एके शर्मा आईसीएआर-आईवीआरए बरेली, पद्मश्री डॉ. केके शर्मा, डॉ. जेएस चौहान, डॉ. वीपी चनपूरिया, डॉ. देवेन्द्र स्वरूप, डॉ. एनवीके अशरफ, डॉ. एमएलवी राव, डॉ. निरंजन साहू, डॉ. एपी सिंह पूर्व वीसी मथूरा यूनिवर्सिटी, डॉ. जवाहरलाल सिंग, डॉ. एमके भार्गव ,तथा विदेश से पधारे वैज्ञानिक साउथ अफ्रीका से, कीनिया से डॉ. आईजेक, डॉ. क्रिस, सेंटपीटर्सबर्ग से रेक्टर डॉ. क्रिल, डॉ. निकिटन वाइस रेक्टर, डॉ. बुद्दन यूएसए को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विदेश से कुल 15 वैज्ञानिक एवं छात्राएं सम्मिलित हुए हैं वहीं भारत से करीब 300 वैज्ञानिक एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने उद्घाटन अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ पूनम शाक्य एवं डॉ. निधि राजपूत ने किया।

इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर पीके मिश्रा,विवि के कुलसचिव डॉ. एसएस तोमर, भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून से पधारे डॉक्टर पराग निगम,सीसीएफ जबलपुर कमल अरोरा, कान्हा टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर रविन्द्र मणि त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के पूर्व अधिकारी जिसमें एसएमएस परमार, डॉक्टर ओ पी श्रीवास्तव आदि, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी गण महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष, डॉ लखनी, डॉ. आदित्य मिश्रा अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ आर वी सिंह, डा दास, डॉ घोष डॉ. अमोल रोकड़े, डॉ. सोमेश सिंह, डॉ. केपी सिंह, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. अपरा शाही, डॉ राखी वैश्य,डॉ. कारमोरे, आईपीआरओ डॉ. सोना दुबे, सहित बड़ी संख्या में कॉलेज की फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## बांग्लादेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर लौटेगा

बांग्लादेश की अपस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना निर्वासन के दर्द और पीड़ा से धीरे-धीरे उबर रही हैं। बंगाली नववष-"पोहेला बैशाख' के अवसर पर अपनी पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और देशवासियों के लिए जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा है, 'आज स्वतंत्रता-विरोधी ताकतों ने बांग्लादेश में अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है।

वे सक्रिय रूप से बंगाली संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।' उन्होंने दो टूक कहा, 'जो लोग अब बांग्लादेश का शासन चला रहे हैं, वे राष्ट्र और हमारी संस्कृति के दुश्मन हैं।' लोगों को याद होगा कि पिछले वर्ष अगस्त में कट्टरपंथियों ने शेख हसीना की निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट दिया था।

उसके बाद से वे भारत में निर्वासित हैं। हाल-फिलहाल बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे प्रतीत होता है कि वहां इस समय बंगाली अस्मिता और इस्लामी पहचान के बीच सीधा संघर्ष चल रहा है। अमेरिका के समर्थन से देश की सत्ता की बागडोर संभालने वाले मो. यूनुस और कट्टरपंथी जमाते इस्लामी व हिफाजते इस्लाम जैसे संगठन बांग्लादेश का नया इतिहास लिख रहे हैं।

बांग्लादेश में शुरू से बैसाख महीने के पहले दिन 'मंगल शोभायात्रा' के नाम से जुलूस निकाला जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष हिफाजते इस्लाम और जमाते इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों ने मंगल शोभायात्रा को हिन्दू अनुष्ठान बताकर इसका नाम बदलने के लिए सरकार पर दबाव बनाया।

# पहलगाम में जब लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी गयी तो इसे आतंकी घटना कहेंगे या जिहादी हमला?

जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे यह भी पूछा जाना चाहिए कि आतंकवादियों के नाम एक खास धर्म से संबंधित क्यों होते हैं? जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे पूछा जाना चाहिए कि पहलगाम में मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछने के बाद क्यों मारा गया?

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हंसते खेलते माहौल में एकाएक मातम छा जाने से हर भारतीय का दिल भर आया है। 28 पर्यटकों के मारे जाने की घटना बड़ी दुखद है लेकिन यह देखना भी दुखद है कि इस हमले की कुछ लोग सही से निंदा भी नहीं कर पा रहे हैं। जिस घटना में लोगों का धर्म पूछ पूछ कर मारा गया हो उसे आतंकवादी घटना कहा जा रहा है जबकि यह सीधा सीधा जिहाद का मामला लगता है क्योंकि पर्यटकों का धर्म पूछ कर उन्हें गोली मारी गयी। यही नहीं, हर मोर्चे पर विफल संयुक्त राष्ट्र को देखिये उसके महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पहलगाम के घटनाक्रम को "सशस्त्र हमला%% बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र को नहीं पता कि सशस्त्र हमले और आतंकवादी या जिहादी हमले में क्या फर्क होता है? इसके अलावा, कश्मीर को लेकर अपना प्रोपेगेंडा चलाने वाला अंतरराष्ट्रीय मीडिया 26 भारतीयों की मौत पर भी अपना खेल जारी रखे हुए है। यकीन ना हो तो बीबीसी की खबर देखिये इसके अलावा, जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे यह भी पूछा जाना चाहिए कि आतंकवादियों के नाम एक खास धर्म से संबंधित क्यों होते हैं? जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे पूछा जाना चाहिए कि पहलगाम में मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछने के बाद क्यों मारा गया? क्यों उनसे कलमा पढ़ने को कहा गया और कलमा नहीं पढ़ पाने पर उन्हें गोली मार दी गयी? सवाल उठता है कि क्यों किसी पर्यटक की पैंट उतार कर यह जांचा गया कि उसका खतना हुआ है या नहीं? क्यों खतना नहीं पाये जाने पर उसे गोली मार दी गयी? देखा जाये तो आतंकवाद का कोई धर्म होता हो या नहीं लेकिन अपने आसपास के घटनाक्रमों पर ही गौर कर लें तो साफ प्रतीत होता है कि आतंकवाद से सर्वाधिक पीड़ित धर्म हिंदू है। भारत में बहुसंख्यक होने के बावजूद हिंदुओं को गोली मार दी जाती है? अपने घर से पलायन करने पर उन्हें मजबूर कर दिया जाता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की तो बात ही छोड़ दीजिये वहां तो अब उनके अस्तित्व पर ही संकट मंडराने लगा है।बहरहाल, पहलगाम मामले में एनआईए ने जांच का काम संभाल लिया है। लेकिन जरूरी है कि इस समूचे घटनाक्रम के पीछे मौजूद उद्देश्य को समझ कर सही कार्रवाई की जाये। हमारी एजेंसियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि आतंकवादी धर्म के आधार पर लोगों को मार कर गये हैं। हमारी एजेंसियों को इस बात का संज्ञान लेना चाहिए कि पीड़ित परिवारों ने बताया है कि आतंकवादियों ने उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने का आरोप लगाया है। देखा जाये तो यह सीधे सीधे भारत की चुनी हुई सरकार को चुनौती देने का मामला बनता है।

## राहुल गांधी बोलते रह गए लेकिन खरगे ने कर दिखाया

कांग्रेस को मजबूत करने के अभियान में जुटे राहुल गांधी के लिए इस वर्ष बिहार में होने वाला विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो गया है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं को आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के अंदर मौजूद बीजेपी के एजेंट्स को पार्टी से बाहर निकालने का राग अलाप रहे हैं तो इसके साथ ही जनाधारविहीन नेताओं को किनारे लगाने की बात भी कह रहे हैं। राहुल गांधी का खासा जोर पार्टी में स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करना है और इसके लिए वह लगातार जिलाध्यक्ष के पद को ताकतवर बनाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन जिलाध्यक्ष वाले प्रयोग को लेकर लेखक ने जिस तरह की आशंका पहले जताई थी,वो अब सच साबित होती दिखाई दे रही है। दरअसल, राहुल गांधी के सार्वजनिक तौर पर और बंद कमरों में भी बैठक के दौरान बार-बार और लगातार इस तरह की बात कहने के बावजूद कड़वी सच्चाई तो यही है कि अभी तक किसी भी बड़े नेता के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा सका है। राहुल गांधी द्वारा पिछले कुछ वर्षों के दौरान शुरू किए गए अभियानों की असफलता का जिक्र करते हुए अब कांग्रेसी नेता दबी जुबान में इस बार भी राहुल गांधी के विफल होने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। वर्ष 2022 में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित तीन दिवसीय चिंतन शिविर जिसे %नवसंकल्प शिविर% का नाम दिया था जैसे कई शिविरों और महत्वपूर्ण बैठकों में लिए गए संकल्पों की याद दिलाते हुए अब यह भी कहा जाने लगा है कि राहुल गांधी अपनी शानदार से शानदार योजना को भी जमीन पर नहीं उतार पाते। लेकिन ऐसा लग रहा है कि जो राहुल गांधी कर नहीं पा रहे हैं, उसकी शुरुआत 82 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मल्लिकार्जुन खरगे ने कर दी है।

## व्यवस्थापिका और न्यायपालिका आमने सामने, संविधान की अनुच्छेद 368 पर मतभेद

अजय दीक्षित

तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि द्वारा तमिलनाडु सरकार द्वारा पेश और विधानसभा द्वारा पारित 10 बिलों को स्वीकृत करने में देरी को लेकर हफ्ते भर पहले सरकार की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यपाल को कड़ी फटकार लगाई और सभी लंबित बिलों को खुद ही स्वीकृत कर दिया। इस याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्यपालों को लपेटे में लेकर कहा उन्हें किसी पार्टी विशेष के लिए कार्य नहीं करना चाहिए।दूसरा उदाहरण वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी याचिका में सुनवाई कर दो अंतरिम आदेश दिए।इन दोनों घटनाओं से लुटियन्स में बबाल आ गया है।इसे व्यवस्थापिका और न्यायपालिका में भीषण टकराव के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय संसद से पारित ओर राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद कानून में बदलाव नहीं कर सकती न ही रोक सकती ।अब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सर्वोच्च न्यायालय को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि संविधान की अनुच्छेद 368 संसद को कोई भी कानून बनाने का अधिकार देती है और लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है। दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय की जू भी नहीं रेंग रही है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनगढ़ ने तो जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से बरामद अद जले नोटो के मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराने वाला मामला भी उठाया।

सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई 26 को रिटायर हो रहे हैं और वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की सुनवाई 05 मई को है ।

ऐसे में अगर कोई आदेश वक्फ संशोधन विधेयक याचिका में पारित हुआ तो केंद्रीय सरकार की किरकिरी होना तय है।

केशवानंद भारती विरुद्ध केरल सरकार 1973 में सर्वोच्च न्यायालय की 13 जजों वाली संविधान पीठ ने 7-6 के बहुमत से आदेश जारी किया था कि संसद कानून बना सकती है, संशोधन कर सकती है लेकिन मौलिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं होना चाहिए।भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यवस्थापिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका तीन अंग हैं

व्यवस्थापिका के मुखिया राष्ट्रपति है ,जबकि न्यायपालिका के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और प्रधानमंत्री कार्यपालिका के प्रमुख हैं।तीनों संस्थानों के अलग अलग कार्य हैं जिनमें कार्यपालिका व्यवस्थापिका के प्रति ज़बाब देय है। न्यायपालिका स्वतंत्र है। आजादी के बाद 26/01/1950 को संविधान बना और भारत गणराज्य बना। लेकिन जब तब व्यवस्था और ज्यूडिशियल की अप्रत्यक्ष लड़ाई विभिन्न मुद्दों पर देखने को मिलती है। कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एक राष्ट्रीय लॉ कमीशन बना ना चाहती है और बना भी देते हैं मगर अंत में ज्यूडिशियल इस लॉ कमीशन को स्वत ही संज्ञान में ले कर रद्द कर देती है। और दलील यह दी जाती है कि इससे संविधान की मूल ढांचे को क्षति होगी ।न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं रह पाएगी।

## मथुरा में स्थित है भाई-बहन का मंदिर, यमुना और यमराज से जुड़ी है कथा

हमारे देश में कई ऐसे मंदिर मौजूद हैं, जो अपनी भव्यताओं और मान्यताओं को लेकर काफी ज्यादा प्रसिद्ध हैं। यह मंदिर भिन्न-भिन्न देवी-देवताओं को समर्पित होते हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भाई-बहन को समर्पित है। दरअसल, भाई-बहन को समर्पित इस मंदिर की कथा यमराज और मां यमुना को समर्पित है। यमुना और यमराज भगवान सूर्य के पुत्र और पुत्री हैं। ऐसे में आइए जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए उत्तर प्रदेश के मथुरा में स्थित यमराज और मां यमुना समर्पित इस मंदिर के बारे में... उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के विश्राम घाट में नजदीक स्थित भाई-बहन का मंदिर असल में यमुना और उनके भाई यमराज को समर्पित है। इसको श्री यमुना धर्मराज मंदिर के नाम से जाना जाता है। श्री यमुना धर्मराज मंदिर भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है। जोकि मथुरा के प्राचीन मंदिरों में से एक है और यह मंदिर द्वारकाधीश मंदिर के पास है। बता दें कि इस मंदिर में काले पत्थर से बनी मां यमुना और यमराज की मूर्ति स्थापित है। यहां पर मां यमुना चतुर्भुज रूप में विद्यमान है और वहीं वह यमदेव को प्रसन्न और आशीर्वाद देती मुद्रा में हैं।

## एशिया-अफ्रीका मैत्री का प्रतीक बांडुंग

इंडोनेशिया का खूबसूरत शहर है बांडुंग... बांडुंग की जो चीज लोगों को सबसे यादा पसंद है, वह है शहर का ठंडा मौसम...शायद इस शहर की ठंडी तासीर ही थी कि शीत युद्ध की गर्मी के खिलाफ अफ्रीका और एशिया के देशों ने ठीक सत्तर साल पहले 1955 में यहां जुटान रखी और दो ध्रुवों में तब बंटी दुनिया की बजाय अपनी अलग राह चुनी। बीते 18 अप्रैल को इस शहर ने एशिया-अफ्रीकी संबंधों और आपसी सहयोग की नई नींव रखने की सतरवीं सालगिरह मनाई है। सत्तर साल पहले इस आयोजन को बांडुंग सम्मेलन कहा जाता है। इसी सम्मेलन के छह साल बाद 1 से 6 सितंबर, 1961 के बीच तत्कालीन यूगोस्लाविया की राजधानी बेलग्रेड में गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखी गई। बांडुंग सम्मेलन को विशेष रूप से एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन के नाम से जाना जाता है। यहां के एक नागरिक पोपोंग ओत्जे जुंजुनन ने चीनी समाचार एजेंसी जिन्हुआ से उस सम्मेलन को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि 1955 में जब यह ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ था, तब बांडुंग आज के इंडोनेशिया से बिल्कुल अलग तरह का था। इस सम्मेलन में एशियाई-अफ्रीकी देशों ने उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद से मुक्ति की साझा भावना के साथ 29 देशों और क्षेत्रों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता एकत्रित हुए थे। जिसकी अध्यक्षता इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो ने की थी और इसमें एशिया से 23 और अफ्रीका से 6 देश शामिल थे।

इस बीच इंडोनेशिया ने शिक्षा, अर्थव्यवस्था और परिवहन में प्रगति के माध्यम से पिछले सात दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसी दौरान इंडोनेशिया-चीन सहयोग के चलते जकार्ता-बांडुंग हाई-स्पीड रेलवे चल रही है। जिसकी वजह से दोनों शहरों की दूरी अब चार घंटे की बजाय महज 30 मिनट में पूरी हो जाती है। पोपोंग ने हाल ही में बांडुंग स्थित अपने घर पर शिन्हुआ को बताया, इसी बांडुंग सम्मेलन के बाद तकरीबन सभी देशों से उपनिवेशवाद ख़त्म हो गया है और अब एशियाई और अफ्रीकी देश आर्थिक और राजनीतिक रूप से अपना पुनर्निर्माण कर रहे हैं। वैश्विक विकास मानवीय संबंधों, विशेषकर सीमा पार संबंधों को लेकर इस सम्मेलन के देश आगे बढ़ रहे हैं। इसकी ही वजह से आज एशिया और अफ्रीका के देश नजदीक आ रहे हैं और उनकी आर्थिकी एक-दूसरे पर निर्भर करती है। बांडुंग में इस बार सिर्फ औपचारिक आयोजन हुआ। लेकिन बांडुंग अब एशिया और अफ्रीका के घने होते रिश्तों का प्रतीक बन गया है। सम्मेलन के मुख्य सिद्धांत राजनीतिक आत्मनिर्णय, संप्रभुता के लिए परस्पर सम्मान, गैर-आक्रामकता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना और समानता थे।

## प्रदोष व्रत से सौभाग्य की वृद्धि होती है!

* शुक्र प्रदोष व्रत - 25 अप्रैल 2025

* प्रदोष पूजा मुहूर्त - 18:58 से 21:11

* त्रयोदशी तिथि प्रारम्भ - 11:44, 25 अप्रैल 2025

* त्रयोदशी तिथि समाप्त - 08:27, 26 अप्रैल 2025

* शिवकृपा प्राप्त करने के लिए हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी पर प्रदोष व्रत किया जाता है.

* भोलेनाथ जब प्रसन्न होते हैं तो समस्त दोष समाप्त कर परम प्रसन्नता, परम सुख प्रदान करते हैं!

* प्रदोष व्रत-पूजा बहुत ही सरल है क्योंकि भोलेनाथ एकमात्र देव हैं जो पवित्र मन से की गई पूजा से ही प्रसन्न हो जाते हैं. * शिवोपासना में दुर्लभ मंत्र और कीमती पूजा सामग्री की जरूरत नहीं है, सच्चे मन से... जाप करें और शिवलिंग पर सर्वसुलभ पवित्र जल चढ़ाएं.

* सुख का अहसास कराता है- शांत मन और दुख का कारण है- अशांत मन, शिवोपासना से तुरंत मानसिक शांति प्राप्त होती है.

## जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा

हरिशंकर व्यास

भारत गजब की मायावी विश्वगुरूता में है! गुजरे सप्ताह पूरी दुनिया में डोनाल?ड ट्रंप से उथलपुथल हुई। सभी देश ट्रंप प्रशासन से बेइज्जत हुए। ट्रंप ने बड़ी इकॉनोमी में चीन के बाद भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा उसे नंबर दो पर रखा। मगर हममें इसकी कोई प्रतिक्रिया, कोई विचार नहीं हुआ।

इस खामोख्याली में रहे कि ट्रंप ने हमें उतना नहीं मारा जितना चीन को और उसके साथ विएतनाम, कंपूचिया को मारा! हमें औकात दिखाई बावजूद इसके हम गौरवान्वित थे! चीन ने बतौर रियल महाशक्ति के अमेरिका से कहां- 'हम चुनौती के आगे झुकने वाले नहीं! हम आखिर तक लड़ेंगे।' और वैश्विक वित्तिय हल्कों में अफवाह है कि अमेरिकी ट्रेजरी के दीर्घकालीन बांड्स की बाजार में धड़ाधड़ बिक्री (कोई 29 ट्रिलियन डालर के) हुई तो ट्रंप के हाथ पांव फूले।

उन्होने चीन को छोड़ सभी देशों पर लगे टैरिफ को 9 जुलाई तक टाला। सोचे, कौन झुका, कौन घबराया? डोनाल्ड़ ट्रंप। चीन में इतना सोचना-विचारना, हिम्मत और दीर्घकालीन तैयारी है जिससे वह हर तरह की तैयारी में है। वैश्विक वित्तिय बाजार में निवेश का सर्वाधिक सुरक्षित-खरा औजार अमेरिकी ट्रेजरी के बांड्स माने जाते है। और ये सर्वाधिक किसके पास है? जापान नंबर एक पर है और उसके बाद चीन के पास 761 बिलियन डालर के अमेरिकी बांड्स है। यदि चीन अकेले अमेरिकी बांड्स में बेचने शुरू करे व जापान भी इसी रास्ते पर चल पड़े तो अमेरिका की वित्तिय ताकत कुछ ही घंटों में राख में बदल जाएगी।

तभी ट्रंप के हाथ-पांव फूले। चीन को अपना दुश्मन चिंहित कर बाकि देशों पर अतिरिक्त टैरिफ रोका। कहते है जापान ने भी कुछ अमेरिकी बांड्स निकाले। उधर योरोपीय संघ के 27 देशों में से 26 देशों ने अमेरिका के खिलाफ टैरिफ की तैयारियों पर सहमति दी। कनाड़ा और मेक्सिकों ने बदले के कदम उठाए। पूरी तरह निर्यात पर टिके दक्षिण कोरिया, विएतनाम, कंपूचिया ने अपने प्रतिनिधी वाशिगंटन दौड़ा कर देश के व्यापार को बचाने की कोशिशे की।

और भारत ने क्या किया? कुछ नहीं! मानों हम न तीन में और न पांच में। ठिक भी बात है। विश्व व्यापार में भारत का कुल हिस्सा सिर्फ 2.4 प्रतिशत है। मगर गडबड यह है कि अमेरिका ही सबसे बड़ा वह देश है जिसे हम बेचते ज्यादा है और खरीदते कम है। हमें लाभ अमेरिका से ही है। इसलिए ट्रंप की चिढ़ है कि भारत जैसे देश से भी हम घाटे में है।

तभी ट्रंप ने नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान दबाव बना कर बजट से अमेरिकी उत्पादनों पर डूयटी घटवाई। फिर भी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए। मगर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह रूख था कि बात करेंगे। हम कर ही क्या सकते है! भारत ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह भी जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा रखता है।

इसलिए तय माने डोनाल्ड़ ट्रंप भारत से कोई रियायत नहीं करेंगे। जुलाई में 26 फिसदी टैरिफ के अलावा वे भारत के फार्मास्यूटिकल सेक्टर की अलग कमर तोड़ेंगे। सो विदेश व्यापार की वास्तविकता से भी पता चलता है कि भारत न अपने बाजार में चीन की आर्थिक लूट को रोकने के विचार में समर्थ है और न अमेरिका या विश्व व्यापार में कोई ठोस, बराबरी का रिश्ता बना सकने का रोडमैप है। इसलिए कि इस सबके लिए सोच-विचार का दिमाग है कहां? बस, एक ही इलहाम, एक ही ख्याल है कि हम विश्वगुरू! सोचे, पिछले दस वर्षों में दुनिया की बड़ी घटनाओं, विकास और ट्रेंड में क्या-क्या है? ट्रंप के व्यापार युद्ध से पहले, इजराइल-हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध है। चीन ने भारत की सीमा पर दादागिरी दिखाई। पता नहीं भारत का कितना इलाका कब्जाया। अफगानिस्तान में तालिबानी वर्चस्वता बनी। दक्षिण एसिया के हर देश में चीन का दबदबा फैला। भारत में भी जलवायु परिवर्तन और मौसम की जानलेवा मार का ट्रेंड है। वैश्विक पैमाने पर आर्टिफिशियल बुद्धीमत्ता की छलांगे, स्पेस दौड़, मेटावर्स-एआरवीआर, क्रिप्टोकरेंसी में क्या-क्या नहीं होता हुआ है!

जबकि भारत की थिंकिंग, नैरेटिव, प्राथमिकता क्या है? हमें फ्री बांटने, रैवडियों की व्यवस्था बनानी है। हमें धर्म और जाति से चुनाव जीतना है। हमारी भीड़ हमारी ताकत है। भीड़ की भक्ति, भोंडापन देश का विकास है। हिंदू-मुस्लिम की मुर्गा लड़ाई हमारे राष्ट्रीय एकीकरण और राष्ट्र निर्माण का रास्ता है। डोनाल्ड़ ट्रंप ने 'अमेरिका फर्स्ट' के फितूर में सभी देशों को इस सोच-विचार के लिए मजबूर किया कि तब हमारा क्या? हम कैसे अपने आपको बदले? क्या नया सोचे? विश्व की तमाम तरह की व्यवस्थाओं के सिनेरियों में ब्रिटेन, योरोपीय संघ, जापान, चीन, आस्ट्रेलिया आदि लगभग सभी देशों ने अपने आप पर विचार, पुर्नविचार किया है, कर रहे है। वही भारत में इस सप्ताह वक्फ बोर्ड बिल, कांग्रेस अधिवेशन में पिछड़ों के आरक्षण, सीपीआईएम के अधिवेशन में 'धर्म' की चिंता और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक मुख्यमंत्री स्टालिन को नसीहत थी कि तमिल में दस्तखत तो कर दिखाएं!

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

कर्क राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे।

धनु राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें,

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ बातों में बदलाव होने में समय लगेगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। पहले किये किसी निवेश का आज आपको अच्छा लाभ मिलेगा, अच्छा लाभ मिलने से आपके प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा।

मीन राशि-आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगाएंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा।



प्रभास फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म फौजी की शूटिंग में बिजी हैं। डांसर से एक्टर बनीं इमानवी इस फिल्म से एक्टिंग में डेब्यू करती नजर आएंगी। लेकिन उससे पहले एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उनके बारे में कई तरह के दावे किए गए, जिस पर उन्होंने रिएक्ट किया और उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर लोगों को अपनी असली पहचान भी बताई है और सभी दावों को बेबुनियाद बताया है। दावों में कहा जा रहा था कि वह पाकिस्तानी मिलिट्री ऑफिसर की बेटी हैं।

# संसद - सुप्रीम कोर्ट : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान- संसद ही सर्वोच्च है, इससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं

नई दिल्ली (आरएनएस)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट पर विवादित टिप्पणी के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बड़ा बयान सामने आया है। उपराष्ट्रपति ने संविधान में निर्धारित भारतीय सरकार के ढांचे के भीतर न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र पर एक बार फिर सवाल उठाया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद और सुप्रीम कोर्ट की शक्ति को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे सर्वोच्च संसद ही है, उससे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि संसद में जो सांसद चुनकर आते हैं वो आम जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं। सांसद ही सबकुछ होते हैं, इनसे कोई ऊपर कोई नहीं होता।

जगदीप धनखड़ ने ये बातें मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट पर अपने पिछले हमलों की आलोचना पर भी पलटवार किया और कहा कि किसी संवैधानिक पदाधिकारी (खुद के बारे में) द्वारा बोला गया हर शब्द सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से निर्देशित होता है। उन्होंने कहा कि संविधान कैसा होगा और उसमें क्या संशोधन होने हैं, यह तय करने का पूरा अधिकार सांसदों को है। उनके ऊपर कोई भी नहीं है। उपराष्ट्रपति का यह बयान तब आया है जबकि सुप्रीम कोर्ट को लेकर की गई उनकी टिप्पणी का एक वर्ग आलोचन भी कर रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र में संसद ही सुप्रीम है। संवैधानिक पद पर बैठा हर व्यक्ति का बयान राष्ट्र के हित में होता है। निर्वाचित प्रतिनिधि तय करते हैं कि संविधान कैसा होगा। उनके ऊपर कोई और अथॉरिटी नहीं हो सकती।

सुप्रीम कोर्ट पर सार्वजनिक रूप से किए गए अनुचित हमलों में संविधान की प्रस्तावना के बारे में दो अलग-अलग ऐतिहासिक फ़ैसलों में विरोधाभासी बयानों के लिए आलोचना शामिल थी ङ्क 1967 का आईसी गोलकनाथ मामला और 1973 का केशवानंद भारती मामला। धनखड़ ने 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान अदालत की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है। दूसरे मामले में एससी ने कहा कि यह संविधान का हिस्सा है। लेकिन संविधान के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए। चुने हुए प्रतिनिधि ही संविधान के अंतिम स्वामी होंगे। उनसे ऊपर कोई अथॉरिटी नहीं हो सकता।

**वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने की मुसलमानों से चर्चा**

मुंबई (आरएनएस)। वक्फ कानून को लेकर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान उन्हें वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह कानून देश के गरीब मुसलमानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। मुंबई में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, आज मुंबई में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत आम जन से मुलाकात कर संबोधित किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को लेकर यहां उपस्थित लोगों का उत्साह अत्यंत सुखद है। यह अधिनियम न्याय, पारदर्शिता और सामाजिक उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करता है। मुस्लिम समुदाय के गरीब परिवारों और महिलाओं के विकास के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित होगा।

बातचीत के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस कानून पर खुशी जाहिर की और पीएम मोदी का आभार जताया।

हाजी पटेल ने कहा कि आज यहां पर एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ कानून के बारे में हम लोगों को विस्तार से बताया है। मैं समझता हूं कि केंद्र की मोदी सरकार ने यह ऐतिहासिक फैसला लेते हुए वक्फ में संशोधन किया है। इस कानून से वक्फ की जमीनों का लाभ गरीब मुसलमानों को मिलेगा।



संयुक्त रा%य अमेरिका के उपराष्टपति जेडी वेंस, द्वितीय महिला उषा वेंस और अपने ब%चों के साथ जयपुर की यात्रा के दौरान.



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में सियाम और केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा शिक्षण मॉड्यूल सुरक्षित सफर का शुभारंभ किया।

## बेंगलुरु में वायुसेना के फाइटर पायलट से मारपीट, पत्नी से दुर्व्यवहार; खून से लथपथ मिले विंग कमांडर

बेंगलुरु (आरएनएस)। देश की आईटी सिटी बेंगलुरु से एक बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां भारतीय वायुसेना के एक फाइटर पायलट विंग कमांडर आदित्य बोस के साथ सरेआम बेरहमी से मारपीट की गई और उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता सीवी रमन के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। इस हमले में विंग कमांडर बोस गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें खून से लथपथ हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जब विंग कमांडर आदित्य बोस अपनी पत्नी के साथ एयरपोर्ट जा रहे थे। आरोप है कि बाइक सवार कुछ बदमाशों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया और उसे रोक लिया। विंग कमांडर बोस ने इस पूरी घटना का एक वीडियो बनाकर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है।

वायरल वीडियो में विंग कमांडर बोस ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि एक बाइक सवार उनका पीछा कर रहा था और कन्नड़ भाषा में गाली देते हुए उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर जबरन रोक लिया। उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी पर डीआरडीओ (ष्ठक्रष्ठह्र) का स्टीकर लगा हुआ था, जिसे देखकर बदमाश और भी ज्यादा आक्रामक हो गए और उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। बदमाशों ने उनकी पत्नी, जो खुद भी एक वायुसेना अधिकारी हैं, के साथ भी बदसलूकी की।

विंग कमांडर बोस के अनुसार, जब उन्होंने बदमाशों का विरोध करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने चाबी के गुच्छे से उनके चेहरे और माथे पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और खून बहने लगा। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए बताया कि मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई थी, लेकिन किसी भी व्यक्ति ने बीच-बचाव करने या उनकी मदद करने की हिम्मत नहीं दिखाई। मारपीट के बाद बदमाश उनकी गाड़ी पर और उन पर पत्थर फेंकते हुए मौके से फरार हो गए।

उधर, बेंगलुरु पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लिया है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती तौर पर यह मामला रोडरेज का लग रहा है। पुलिस ने विंग कमांडर बोस द्वारा साझा किए गए वीडियो के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी पहचान और तलाश में जुट गई है। इस घटना ने बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहर में सुरक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। एक सेवारत वायुसेना अधिकारी और उनकी पत्नी के साथ हुई इस तरह की घटना की चौतरफा निंदा हो रही है।

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने आज भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच अल्पसंख्यकों से जुड़े विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों के साथ-साथ पंजाब से संबंधित विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई।

मुलाक़ात के दौरान लालपुरा ने अमित शाह को अपनी लिखी पुस्तक भेंट की,

## भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का सपा-कांग्रेस पर हमला, 'महिला-विरोधी मानसिकता' का लगाया आरोप

जयपुर (आरएनएस)। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील और अपमानजनक रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि सुमन ने एक दलित बच्ची के साथ हुए बलात्कार को मामूली घटना करार दिया और सुझाव दिया कि इस मामले में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को मौके पर आने की कोई जरूरत नहीं है। पूनावाला ने इसे सपा की 'बलात्कारियों को बचाने' वाली मानसिकता का स्पष्ट उदाहरण बताया और कहा कि यह उनकी संवेदनहीन सोच को दर्शाता है।

पूनावाला ने सपा की मानसिकता को 'बॉयज विल बी बॉयज' जैसा करार दिया, जहां बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों को हल्के में लिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सपा नेता नवाब यादव पर बलात्कार का आरोप लगा, तो डीएनए टेस्ट की मांग की जाती है, जब बलात्कारी उनके वोट बैंक से होता है, तो सपा चुप्पी साध लेती है। उन्होंने सुमन पर महावीर राणा सांगा जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्व का अपमान करने का भी आरोप लगाया, जिसे उन्होंने सपा की संकीर्ण सोच का हिस्सा बताया।




केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मुंबई में वक्फ सुधार जन जागरूकता अभियान के दौरान जनता को संबोधित किया.

## यात्रियों से भरी बस पर अंधाधुंध फायरिंग, ड्राइवर की मौत; लोगों ने कूदकर बचाई जान

पटना (आरएनएस)। पटना के जीरो माइल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब यात्रियों से भरी एक बस पर तीन अपराधियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में बस चालक दुष्यंत मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हमले के बाद दहशत में आए यात्री बस से कूदकर भाग खड़े हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस नीतू राज सर्विसेज की थी और बेतिया जाने के लिए स्टैंड से निकली थी। जीरो माइल पर ट्रैफिक के कारण बस धीमी रफ्तार से चल रही थी।

इसी दौरान तीन हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। कई यात्रियों ने सिर झुकाकर और बस की फर्श पर लेटकर जान बचाई। फायरिंग लगभग डेढ़ मिनट तक चली। हमलावरों के फरार होते ही सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, जिसका फायदा उठाकर वे आसानी से भाग निकले। पुलिस ने मौके से छह खोखे बरामद किए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही एसपी डॉ. के. रामदास और एसडीपीओ-2 सत्यकाम दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच भेजा गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह हमला रंगदारी से जुड़ा हो सकता है।

# भाजपा सांसद ने खास बैग से गांधी परिवार को घेरा, 'नेशनल हेराल्ड' मामले पर पूछे तीखे सवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद बांसुरी स्वराज मंगलवार को संसद भवन में 'एक देश, एक चुनाव की संयुक्त संसदीय समिति' की बैठक में शामिल होने पहुंची, तो उनके बैग ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के बैग पर लिखा था, 'नेशनल हेराल्ड की लूट।' उन्होंने अपने बैग के जरिए गांधी परिवार पर सांकेतिक तरीके से निशाना साधने की कोशिश की। इसके साथ ही इसी संबंध में उनका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार पर सवाल उठाती दिख रही हैं। इस वीडियो में भाजपा सांसद कहती हुई नजर आ रही हैं, यह पहली बार है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया को लेकर भी भ्रष्टाचार हुआ है। हाल ही में जो चार्जशीट ईडी ने दाखिल की है, उससे कई तरह के गंभीर आरोप उजागर होते हैं, इसमें कांग्रेस की एक पुरानी कार्यशैली उभरकर सामने आ रही है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा, वह सेवा की आड़ में अपनी व्यक्तिगत संपत्ति बढ़ाने में जुटी है। यह बहुत ही गंभीर मामला है। दो हजार करोड़ रुपए की संपत्ति कौड़ियों के भाव मात्र 50 लाख रुपए में यंग इंडिया लिमिटेड कंपनी ने हड़प ली। यह ऐसी कंपनी है, जिसका 76 फीसदी स्वामित्व गांधी परिवार के पास है, इसलिए उनकी जवाबदेही बनती है,

## गाड़ियों के हॉर्न अब नहीं करेंगे दिमाग खराब, नितिन गडकरी ला रहे नया कानून

नई दिल्ली (आरएनएस)। सड़क पर ट्रैफिक के कर्कश हॉर्न से परेशान लोगों के लिए जल्द ही राहत भरी खबर आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी वाहनों के हॉर्न की आवाज को बदलने के लिए एक नया कानून लाने की योजना बना रहे हैं। इस कानून के तहत गाड़ियों के हॉर्न में भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि का इस्तेमाल किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक कार्यक्रम में इस योजना का खुलासा करते हुए कहा कि उनका मानना है कि गाड़ियों के हॉर्न की तेज और अप्रिय आवाज ध्वनि प्रदूषण बढ़ाती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसके बजाय, यदि हॉर्न में बांसुरी, तबला, वायलिन या हारमोनियम जैसे भारतीय वाद्ययंत्रों की आवाज का उपयोग किया जाए, तो यह सुनना सुखद होगा और शोर कम होगा। गडकरी ने परिवहन क्षेत्र से होने वाले वायु प्रदूषण पर भी चिंता व्यक्त की।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हरियाणा के करनाल में आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए.



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया.

## टाइगर श्रॉफ को जान से मारने की धमकी के मामले में बड़ा खुलासा, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

मुंबई (आरएनएस)। बॉलीवुड स्टार्स की चमक-धमक भरी लाइफ को देख हर किसी के मन में यह जरूर आता है- वाह! क्या लाइफ है, लेकिन यह स्टारडम उनकी कई परेशानियों का कारण भी बन जाता है। उन्हें कड़ी सुरक्षा में चलना पड़ता है। कभी वह फैंस की भीड़ से घिर जाते हैं, तो कभी कोई उन्हें जान से मारने की धमकी दे देता है। ऐसी ही जान से मारने की धमकी को लेकर एक्टर टाइगर श्रॉफ सुर्खियों में बने हुए हैं। जब इस बात की खबर मुंबई पुलिस को मिली, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। हालांकि बाद में इस मामले में चौंकाने वाला मोड़ सामने आया।

दरअसल, मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक फोन आया, जिसमें पुलिस को बताया गया कि सिक्योरिटी कंपनी ट्रिग के कुछ लोग एक्टर टाइगर श्रॉफ की हत्या करने जा रहे हैं। उनकी हत्या के लिए हथियार और दो लाख की सुपारी भी दी गई है। इस फोन कॉल के बाद पुलिस हरकत में आ गई और फौरन जांच शुरू कर दी।

जांच में सूचना को गलत पाया गया और पता चला कि यह फोन कॉल 35 वर्षीय मनीष कुमार सुजिंदर सिंह ने की है, जो मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है। खार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

आए दिन अभिनेताओं को जान से मारने की धमकी मिलती रही है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम बॉलीवुड एक्टर सलमान खान का आता है। इससे पहले सलमान को भी कंट्रोल रूम में इसी तरह की धमकी भरी कॉल आई थी। उन्हें कई बार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उनके गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिल चुकी हैं। उनके मुंबई स्थित घर में दो बाइक सवारों ने फायरिंग भी की थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा को बढ़ा दिया गया।

टाइगर श्रॉफ की बात करें तो उन्होंने साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस कृति सेनन नजर आई थीं, दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया। इसके बाद वह बागी में नजर आए, जिसमें उन्होंने अपने स्टंट और फाइट सीक्वेंस से लोगों को अपना दीवाना बना दिया। इसके अलावा, उन्होंने ए फ्लाइंग जट्ट, मुन्ना माइकल, हीरोपंती 2, वॉर, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, गणपत, बागी-2, बागी 3 और सिंघम अगेन जैसी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड में स्टारडम हासिल किया। वह अब बागी 4 की तैयारियों में जुटे हैं।



प्रभास फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म फौजी की शूटिंग में बिजी हैं। डांसर से एक्टर बनीं इमानवी इस फिल्म से एक्टिंग में डेब्यू करती नजर आएंगी। लेकिन उससे पहले एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उनके बारे में कई तरह के दावे किए गए, जिस पर उन्होंने रिएक्ट किया और उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर लोगों को अपनी असली पहचान भी बताई है और सभी दावों को बेबुनियाद बताया है। दावों में कहा जा रहा था कि वह पाकिस्तानी मिलिट्री ऑफिसर की बेटी हैं।



# माएरी में गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी अपूर्वा अरोड़ा, बताया कैसा रहा अनुभव



अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा शॉर्ट फिल्म 'माएरी' में एक गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म मां-बेटी के रिश्तों के संदर्भ को दिखाती है। अपूर्वा ने बताया कि माएरी में खास क्या है?

फिल्म में अपूर्वा के साथ सोनाली सचदेव भी हैं, जो अपूर्वा की मां की भूमिका निभा रही हैं। दोनों ने 'फैमिली आज कल' में के साथ ही पहले भी कई बार स्क्रीन शेयर की हैं। यह उनका तीसरा सहयोग होगा।

अपूर्वा ने अपनी सह-कलाकार की प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि सचदेव उन्हें वास्तविक जीवन में मां जैसी लगती हैं।

प्रोजेक्ट के बारे में अपूर्वा ने बताया, माएरी एक सम्मोहक कहानी है। फिल्म में मेरा किरदार एक गुस्सैल, शरारती लड़की का है, लेकिन जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको समझ में आता है कि वह गुस्सा कहां से आता है। यह पीढ़ियों से चली आ रही भावनात्मक बोझ की झलक है।

उन्होंने आगे बताया, फिल्म की कहानी में दिखेगा कि कैसे हम, बेटियों के रूप में अपनी माताओं द्वारा की गई गलतियों को दोहराने की कोशिश नहीं करते हैं और वे भी चाहती हैं कि हम बेहतर करें। लेकिन अपने तरीके से। यही विरोधाभास कहानी को वास्तविक और मार्मिक बनाती है।

अभिनेत्री ने बताया कि सोनाली के साथ काम करना उनके लिए एक आशीर्वाद की तरह है। उन्होंने कहा, यह हमारा साथ में तीसरा प्रोजेक्ट है, और हर बार जब हम एक मां-बेटी की जोड़ी का किरदार निभाते हैं, तो अलग ही अनुभव होता है। यह कभी भी एक जैसा नहीं होता है और यही बात इसे रचनात्मक रूप से और भी खास बनाती है। अपूर्वा और सोनाली के बीच का रिश्ता हमारे द्वारा निभाए गए किरदारों से बहुत अलग और खास है।

उन्होंने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करने, सीन्स पर चर्चा करने और उनके नजरिए से सीखने के लिए वास्तव में आभारी हूं। इसने मुझे एक एक्टर के रूप में आगे बढ़ने में मदद की है।

### बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की जाट की पकड़ बरकरार, 11वें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है।

फिल्म देखने के लिए टिकट खिड़की पर दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है, जिसका असर इसकी कमाई पर भी दिख रहा है। वीकेंड पर फिल्म के कारोबार में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

आइए जानें जाट का 11वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे रविवार को 5.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

### फिल्म कोस्टाओ का ट्रेलर: ईमानदारी का बीड़ा उठाए सिस्टम और तस्कर से लड़ते दिखे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

नवाजुद्दीन सिद्दीकी बॉलीवुड के मंझे हुए अभिनेताओं में शुमार हैं। वह अपना हर किरदार बड़ी शिद्दत से निभाते हैं। भले ही पिछले कुछ समय से अभिनेता की फिल्में नहीं चल रहीं, लेकिन अपने दमदार अभिनय के चलते नवाज लाइमलाइट में जरूर रहते हैं।

अब उनकी एक नई फिल्म कोस्टाओ आने वाली है, जिसका कुछ दिन पहले टीजर रिलीज हुआ था। अब इस फिल्म का ट्रेलर भी दर्शकों के बीच आ गया है। ट्रेलर देख लोग क्या बोले, आइए जानते हैं। ट्रेलर में कोस्?टाओ फर्नांडिस (नवाजुद्दीन) की बहादुरी, बलिदान और सोने की तस्करी करने वाले तस्कर और भ्रष्ट सिस्टम से उसकी लड़ाई दिखाई गई है।

# शिप्रा गोयल का इंस्टाग्राम पर दिखता है ग्लैमर और फैशन से भरा अवतार



मशहूर सिंगर शिप्रा गोयल सिर्फ अपनी आवाज के लिए ही नहीं, बल्कि अपने ग्लैमरस अंदाज और फैशनेबल लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं. गोल्डी देसी क्रू के साथ कई हिट गाने देने वाली शिप्रा गोयल सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर बेहद एक्टिव रहती हैं. वह अपने फैंस को अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलकियां देती रहती हैं.हाल ही में उन्होंने कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस लुक, फैशन सेंस और आत्मविश्वास देखते ही बनता है. कभी स्पार्कली गाउन में तो कभी मॉम डॉटर ट्विनिंग मोमेंट में, शिप्रा हर लुक में गॉर्जियस नज़र आती हैं.

उनके इंस्टा प्रोफाइल पर शेयर की गई इन फोटोज़ में उनका स्टाइल और एटीट्यूड फैंस को खूब पसंद आ रहा है. यही वजह है कि शिप्रा के इंस्टाग्राम पर 1.3 मिलियन से यादा फॉलोअर्स हैं और यह आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है. शिप्रा गोयल न सिर्फ एक टैलेंटेड आर्टिस्ट हैं, बल्कि वह यंग जनरेशन के लिए फैशन और फेमिनिन ग्रेस की आइकन बनती जा रही हैं. उनके फोटोज़ हर बार ये साबित करते हैं कि वह म्यूजिक और स्टाइल दोनों की क्वीन हैं.

## होली 2026 पर होगा धमाका, रानी मुखर्जी की मर्दानी 3 की रिलीज डेट का एलान, 27 फरवरी को दुश्मनों से भिड़ेगी शिवानी रॉय

बॉलीवुड की बबली रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है. रानी के होम प्रोडक्शन यशराज फिल्म्स बैनर तले बनी फिल्म मर्दानी 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा. बीती 13 दिसंबर 2025 को फिल्म रिलीज ईयर का एलान किया गया था और आज फिल्म की रिलीज डेट सामने आई गई है. इसी के साथ फिल्म से रानी का एक पोस्टर भी सामने आया है. इस पोस्टर में रानी गन ताने खड़ी हैं.

बीते साल दिसंबर में मर्दानी 2 के पांच साल पूरे होने के मौके पर फिल्म मर्दानी 3 के रिलीज ईयर का एलान किया गया था. वहीं, साल 2024 में मर्दानी (पार्ट 1) ने अपने 10 साल पूरे किए थे. फिल्म का पहला भाग 22 अगस्त 2014 में रिलीज हुआ था. मर्दानी रानी की हिट फिल्मों में शुमार हैं. मर्दानी 2 साल 2019 में रिलीज हुई थी. अब मर्दानी 3 होली 2026 के मौके पर 27 फरवरी (2026) को रिलीज होने जा रही है. यानि अगली होली पर रानी की मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका करने जा रही है. यशराज फिल्म्स ने अपने पोस्ट में लिखा है, मर्दानी 3 का काउंटडाउन शुरू, शिवानी शिवाजी रॉय होली पर दुश्मनों से लड़ेंगी. मर्दानी 3 को अभिराज मीनावाला डायरेक्ट और आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म में रानी मुखर्जी लीड रोल में हैं. वहीं बाकी की स्टारकास्ट का अभी खुलासा नहीं किया गया है. रानी मुखर्जी की दोनों फिल्मों की कहानी बेहतरीन थी. इसके डायरेक्शन से लेकर, रानी मुखर्जी की परफॉर्मेंस और इसके स्टोरी आइडिया तक सबकुछ सराहनीय था. अब फिल्म में आखिर नया क्या है. इस पर रानी ने बात करते हुए बताया था, फिल्म डार्क और ब्रूटल होगी, हम दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे, मर्दानी 3 घातक और क्रूर है,

# 2 महीने बाद भी थिएटर में दहाड़ रही विक्की कौशल की छावा, भारत में 600 करोड़ कमाने वाली बनी तीसरी फिल्म

600 करोड़ क्लब में शामिल हुई विक्की कौशल की छावा, बनी ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर विक्की कौशल की फिल्म छावा पहले ही दिन से नए-नए रिकॉर्ड बना रही है और अब तक कई बड़ी फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर धूल चटा चुकी है।

अब छावा ने वो कारनामा कर दिखाया, जो इस साल रिलीज हुई किसी भी फिल्म ने अभी तक नहीं किया है।

दरअसल, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

यह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी फिल्म बन गई है।

शाहरुख खान की फिल्म जवान सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म है। इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 643.87 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म ने रिलीज होते ही टिकट खिड़की पर कई रिकॉर्ड बना लिए थे। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या छावा इस फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ पाएगी या नहीं। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नयनतारा, विजय सेतुपति और दीपिका पादुकोण भी नजर आए थे।

जवान नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

इस सूची में दूसरा नाम श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 का है। यह फिल्म भारत में 627.02 करोड़ रुपये की कमाई के साथ दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है।

स्त्री 2 में पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी हैं। अमर कौशिक ने फिल्म का निर्देशन किया था।

इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। एनिमल (556.36 करोड़ रुपये) और पठान (543.05 करोड़ रुपये) को पछाड़ छावा तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है। तरण आर्दश के मुताबिक, इस फिल्म ने अब तक 600.10 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और यह 10वें सप्ताह में भी सिनेमाघरों में धूम मचा रही है।

छावा का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। छावा एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इसमें महान छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता को दिखाया गया है। फिल्म में मुगल तानाशाह औरंगजेब के खिलाफ मराठा साम्राज्य की रक्षा के लिए उनके वीर संघर्ष को दर्शाया गया है। औरंगजेब का किरदार अक्षय खन्ना ने निभाया है। फिल्म में विक्की की जोड़ी पहली बार रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा 2 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। इस फिल्म ने केवल हिंदी भाषा में 812.14 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द भूतनी का नया गाना रंग लगा जारी, पलक तिवारी संग रोमांस करते दिखे सनी सिंह

दिग्गज अभिनेता संजय दत्त जल्द ही द भूतनी नाम की एक हॉरर कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान सिद्धांत सचदेव ने संभाली है।

मौनी रॉय भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। पलक तिवारी और सनी सिंह भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने द भूतनी का नया गाना रंग लगा जारी कर दिया है, जिसे मुकुंद सूर्यवंशी ने अपनी आवाज दी है।

रंग लगा गाने में सनी, पलक और मौनी के साथ रोमांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। पहले यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। बॉक्स ऑफिस पर द भूतनी का सामना अजय देवगन, वाणी कपूर और रितेश देशमुख जैसे सितारों से सजी फिल्म रेड 2 से होगा।

# किचन की दीवारों पर तेल और मसाले के निशान अब आसानी से करें साफ, आजमाएं ये आसान टिप्स



महिलाएं अपना ज्यादातर दिन किचन में बिताती हैं. खाना बनाते समय दीवारों पर तेल के दाग लगना आम बात है. खाना बनाने की अलग-अलग गतिविधियों की वजह से दीवारों पर तेल और गंदगी जम सकती है. ऐसे में तेल के ये दाग चाहे जितना भी रगड़ें, नहीं हटते हैं. वहीं, इन्हें साफ करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है. विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप इन आसान टिप्स को अपनाएं, तो ऐसे समय में दाग आसानी से साफ किए जा सकते हैं. सिरका: एक कटोरी में आधा कप सिरका और बर्तन धोने का लिक्विड लें. इसमें एक कप गर्म पानी डालें और इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालें. फिर इसे चिकने किचन काउंटर या गैस स्टोव पर स्प्रे करें, करीब दस मिनट तक रगड़ें और फिर पोंछकर साफ कर लें. ऐसा करने से दाग-धब्बे गायब हो जाते हैं और किचन की दीवार चमक उठती है.

रिठा का रस: बालों की सेहत के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला रीठा जूस किचन स्लैब पर लगे दाग-धब्बों को हटाने में मदद करता है. इसका इस्तेमाल इस तरह किया जाता है, जैसे एक कप रीठा जूस में एक कप बेकिंग सोडा और थोड़ा सा नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे गंदे तैलीय हिस्से पर लगाकर पांच मिनट के लिए छोड़ दें. फिर बाद में इसे कपड़े से रगड़कर धो लें. ऐसा करने से गंदगी और दाग-धब्बे हटाने में आसानी होगी. विशेषज्ञों का कहना है कि इससे मच्छर और कॉकरोच जैसे कीट भी दूर रह सकते हैं. चाय पत्ती: एक कटोरी में दो चम्मच चाय पत्ती और एक लीटर पानी मिलाएं, फिर इसे चूल्हे पर तबतक गर्म करें, जबतक यह आधा ना हो जाए. फिर इस मिश्रण में एक चम्मच नींबू का रस और एक चौथाई कप बेकिंग सोडा मिलाएं और दाग वाले स्थान पर पर छिड़कें. अब 5 मिनट बाद इसे स्टील वूल पैड से रगड़ें और फिर धो लें। इससे दागों को हटाना आसान हो जाएगा बेकिंग सोडा: दीवारों से तेल के दाग आसानी से हटाने के लिए बेकिंग सोडा सबसे कारगर है. इसके लिए एक चौथाई कप बेकिंग सोडा लें और उसे पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें। फिर इस पेस्ट को तेल के दाग पर लगाएं और 20 मिनट तक सूखने दें. फिर, एक साफ कपड़े को पानी में डुबोकर उस जगह को पोंछ लें. विशेषज्ञों का कहना है कि सूखने के बाद तेल के दाग नहीं रहेंगे नींबू का रस: रसोई के काउंटरटॉप और टाइलों से तेल के दाग हटाने में नींबू का रस बहुत कारगर होता है.

इसके लिए एक छोटे कटोरे में थोड़ा सा डिशवॉशिंग लिक्विड और आधे नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिला लें. फिर इस मिश्रण में एक स्क्रबर डुबोएं और रसोई के काउंटरटॉप और दीवारों को हल्के से रगड़ें. फिर इसे एक सूती कपड़े से पोंछ लें. डिशवॉशिंग लिक्विड और नींबू के रस का मिश्रण रसोई के सिंक और टाइलों की सफाई के लिए भी अच्छा काम करता है.

# बालों के झड़ने की समस्या से राहत दिला सकते हैं ये सीरम, जानिए बनाने का तरीका



आजकल बालों का झड़ना एक आम समस्या बन गई है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे तनाव, गलत खान-पान, प्रदूषण आदि।

हालांकि, बालों की देखभाल के लिए महंगे प्रोडक्ट्स की बजाय आप कुछ घरेलू सीरम का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये सीरम न केवल आपके बालों को पोषण देंगे, बल्कि उन्हें मजबूती भी प्रदान करेंगे।

आइए आज हम आपको बालों की देखभाल के लिए पांच प्रभावी घरेलू सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका बताते हैं।

एलोवेरा और जैतून का तेल

सामग्री: एक बड़ी चम्मच एलोवेरा जेल और एक छोटी चम्मच जैतून का तेल।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में एलोवेरा जेल और जैतून का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: एलोवेरा स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों को मजबूत बनाता है, जबकि जैतून का तेल बालों को नमी प्रदान करता है।

नारियल तेल और नींबू का रस

सामग्री: दो बड़ी चम्मच नारियल तेल और आधा नींबू का रस।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में नारियल तेल और नींबू के रस को मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: नारियल तेल बालों को गहराई से पोषण देता है और नींबू का रस स्कैल्प की सफाई करता है, जिससे बालों का झड़ना कम होता है।

आंवला का तेल और भृंगराज का अर्क

सामग्री: एक बड़ी चम्मच आंवला का तेल और एक चम्मच भृंगराज का अर्क।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में आंवला का तेल और भृंगराज का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: आंवला का तेल बालों को घना बना सकता है, जबकि भृंगराज का अर्क बालों की जड़ों को मजबूत करता है।

जैतून का तेल और बादाम का अर्क

सामग्री: दो बड़े चम्मच जैतून का तेल और एक चम्मच बादाम का अर्क।

सीरम बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका: एक कटोरे में जैतून का तेल और बादाम का अर्क मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। 20 मिनट बाद अपने सिर को शैंपू से धो लें।

लाभ: जैतून का तेल बालों को पोषण देता है, जबकि बादाम का अर्क बालों को मजबूती प्रदान करता है।

## शब्द सामर्थ्य -026

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पाटन में रात बालकिशन मेहरा निवासी ग्राम ग्वारी ने बताया कि वह ग्राम ग्वारी का कोटवार है अपने खेत में काम कर रहा था गांव के नीतेश सिंह ठाकुर ने फोनकर बताया कि मेरे खेत के पास नाले मे कोई व्यक्ति पड़ा है पास मे मोटर सायकल भी पड़ी है तो वह नीतेश सिंह ठाकुर के पास गया नीतेश सिंह ठाकुर के खेत के पास शहपुरा पाटन रोड मे नाला किनारे एक व्यक्ति उम्र लगभग 20-25 वर्ष का जिसके सिर एंव मुंह में चोट लगी थी उल्टा पड़ा था पास मे मोटर सायकल छतिग्रस्त अवस्था में पड़ी थी



# एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीकें



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों एवं सबस्टेशन कार्मिकों के लिए सी.पी.आर. एवं अन्य जीवन रक्षक तकनीकों पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

यह कार्यशाला एम.पी. ट्रांसको के 400 के.वी. सबस्टेशन, इंदौर परिसर में आयोजित की गई, जिसकी संयोजक इंदौर की अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना रहीं। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभाग इंदौर, 400 के.वी. सबस्टेशन संभाग इंदौर, परीक्षण एवं स्काडा संभाग इंदौर के लगभग 60 नियमित, संविदा, बाह्य सेवा प्रदाता एवं सुरक्षा कर्मियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का संचालन इंदौर स्थित स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) के विशेषज्ञों - प्रांतीय सिविल ऑफिसर श्री नीलेश डामोर एवं श्री रंगपाल सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने व्यवहारिक और अत्यंत उपयोगी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। श्रीमती नीलम खन्ना एवं कार्यपालन अभियंता श्रीमती नम्रता जैन के सतत प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला में सी.पी.आर. प्रशिक्षण हेतु मानव पुतले एवं वीडियो की सहायता से विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी ने विशेषज्ञों की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास किया। साथ ही, शॉक लगने, श्वास नली में किसी वस्तु के फंसने, चोट लगने आदि आपात परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई।

# कलेक्ट्रेड के साईकिल स्टेण्ड की निविदा में जटिल दस्तावेज व मिली भगत की शिकायत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्ट्रेड कार्यालय परिसर में आंगतुको हेतु वाहनो की पार्किंग व्यवस्था के लिये निकाली गई निविदा में कलेक्ट्रेड के नाजिर द्वारा एक ही व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देशय से दस्तावेजो की प्रक्रिया जटिल कर देने की लिखित शिकायत कलेक्टर से की गई है।

शिकायतकर्ता सदर निवासी सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया की कलेक्ट्रेड के नाजिर व अन्य कर्मचारियो की मिली भगत के कारण एक ही व्यक्ति को विगत 25 वर्षों से साईकिल, स्कूटर स्टेण्ड का ठेका नाम बदल-बदलकर दिया रहा है और वह आंगतुको से मनमाने रुपये वसूल करता है। शिकायत में बताया गया है कि नया ठेका हेतु निकाली गई निविदा में इतना कम समय दिया गया है कि कोई अन्य व्यक्ति इतनी जल्दी दस्तावेज न बनवा सके और ठेका पुनः वर्तमान ठेकेदार को ही दिया जा सकें।

शिकायत में यह भी बताया गया कि पहले अमानत राशि 5ह्र हजार रुपये जमा करवाई जाती रही अब 2 लाख रुपये जमा कराई जा रही है, पहले निविदा फार्म 10 रुपये का दिया जाता रहा अब 1 हजार रुपये का दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त दस्तावेज गुमास्ता लाईसेंस, 3 वर्ष की इंकम टैक्स रिटर्न, 3 वर्ष का टर्न ओवर 24 लाख का, अनुभव प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, कई विभागो की एनओसी इस बावत कि ब्लैक लिस्टेड तो नही है। इन सब दस्तावेजो की कोई आवशयकता नही है, और संपूर्ण म.प्र. के कलेक्ट्रेटो व अन्य विभागो में ये सब दस्तावेज न तो मांगे जाते है और न ही इस तरह का कोई नियम है। शिकायतकर्ता ने उचित जांच व जटिल दस्तावेजो की मांग को रद्द करने और निविदा भरे जाने की अवधि बढाये जाने की मांग कलेक्टर से की है।

# संत शिरोमणि सेन महाराज जी की 725वीं जयंती समारोह धूमधाम से रांझी में मनाई गई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संत शिरोमणि सेन महाराज जी की 725वीं जयंती समारोह चंद्र मोहन नगर दानव बाबा के पास इंद्रमणि सेन के निवास के पास जबलपुर रांझी में मनाई गई बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग हुए शामिल कार्यक्रम में संगीत में सुंदरकांड हवन पूजन विमोचन अतिथियों का सम्मान एवं बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में कैंट विधायक अशोक रोहाणी राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि अध्यक्ष प्यारे लाल घनश्याम सराठे माधव सराठे इंद्रमणि सेन मीठ लाल सेन चीन सेन हलवाई राजकुमार सेन रांझी सेन समाज समस्त हुआ शामिल

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत 10 को सामूहिक विवाह/निकाह का आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम सीमा अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत दिनांक 10/05/2025 को सामूहिक विवाह/निकाह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इच्छुक कन्या/वर अपने शादी हेतु आवेदन पास के संभागीय कार्यालयों से प्राप्त कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29/04/2025 है उक्त तिथि के बाद आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। स्थल की जानकारी पृथक से दी जावेगी।

# निर्यापक मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज की हुई भव्य अगवानी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। खितौला सिहोरा. आज गोसलपुर में निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ससंघ की भव्य आगवानी की गई।गोसलपुर जैन समाज के पुरुष नारी युवक युवतियाँ व बालक बालिकाओं के साथ सिहोरा, खितौला, जबलपुर, पनागर के सभी धार्मिक बंधुओ ने मुनि श्री की आगवानी की पूरे ग्राम में रंगोली सजाकर व पाद प्रक्षालन कर मुनि संघ की अगवानी की गई।मुनि संघ प्रातः 5:30 बजे खितौला से गोसलपुर के लिए मंगल विहार हुआ गोसलपुर ग्राम होते हुए अतिशय क्षेत्र सम्मेदगिरी आगमन हुआ।मुनि श्री की सम्मेदगिरी में धर्मसभा आयोजित की गई।मुनि श्री ने सम्मेदगिरी के विकास निर्माण कार्य के लिए कहा कि यहां की समाज में समर्पण भाव है पहले भी था। दीपक को जलाना सहज है पर ज्योति को ज्योति को अखंड जलाना बहुत महत्व रखता है।यहां के लोगों ने दीपक तो जलाया था पर उसे निरंतर जलाए नहीं रखा।अब जो भाव समर्पण संघ के विकास के लिए सजोया है उसे पूर्ण करने का संकल्प लेना होगा।मैं तो भगवान के लिए नहीं भक्तों के हित के लिए कार्य हेतु सदैव तत्पर रहता हूं और इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु यहां आया हूं।रूपरेखा तैयार है कार्य प्रारंभ करो। मुनि श्री को विभिन्न जैन कमेटी द्वारा श्रीफल भेंट किए गए एव जबलपुर जैन समाज द्वारा जबलपुर आने का आग्रह किया गया। पाद प्रक्षालन का पुण्य अनिल, अमित, आकाश, मोनू जैन अमित मेडिकल परिवार को प्राप्त हुआ।मुनि श्री की आहारचर्या संजय जैन अध्यक्ष गोसलपुर जैन समाज के यहां हुई एव शाम को 6:00 बजे जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम भी सम्मेदगिरी परिसर मैं आयोजित किया गया जिसमे मुनि श्री के द्वारा श्रावकों की जिज्ञासा का समाधान किया गया।

## राज्य स्तरीय पर्यावरण समाधान निर्धारण प्राधिकरण मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं सदस्यों के नियुक्ति आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। न्यायालय की नर्मदा शिक्षा एवं जन कल्याण समिति नर्मदापुरम के अध्यक्ष गौरव सेठ की ओर से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में कमेटी के अध्यक्ष श्री शिव नारायण सिंह चौहान एवं सदस्य डॉक्टर सुनंदा से रघुवंशी सदस्य राकेश कुमार श्रीवास्तव विजय कुमार सिंह अहिरवार डॉ पल्लवी भटनागर डॉक्टर सुनीता से डॉक्टर सुशील मंदेरिया के नियुक्ति आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी वह उक्त पद धारण करने की योग्यता नहीं रखते हैं आवेदक की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने न्यायालय में तर्क प्रस्तुत किया की अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के लिए शासन के नोटिफिकेशन 2006 में जारी किए गए हैं जिसके अनुसार उक्त पद पर वही व्यक्ति नियुक्त हो सकता है जिसके पास पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के अनुभव के साथ प्रोफेशनल एक्सपर्ट की योग्यता होनी चाहिए जबकि नियुक्त किए गए सभी व्यक्तियों के पास एक्सपर्ट की योग्यता नहीं है इसलिए वह उक्त पद धारण करने के योग्य नहीं है उक्त नियुक्तियों को आ वैधानिक मानते हुए निरस्त किया जावे श्री उपाध्याय के तर्कों से सहमत होते हुए माननीय मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार केथ एवं विनय जैन की खंडपीठ ने शासन एवं अनावेदकों को नोटिस जारी का 6 सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

# छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग , शूज एवं स्नेक्स प्रदान किए





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लाईट ऑफ ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी जबलपुर द्वारा सरकारी स्कूल व्हीकल फैक्टरी जबलपुर में अध्ययनरत निर्धन एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को स्कूल शूज , बैग और स्नेक्स आदि वितरित किए गए। संस्था के वालंटियर्स द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रकाश डाला गया। और उपरोक्त सामग्री निःशुल्क देकर प्रोत्साहित भी किए। बच्चे और स्कूल स्टाफ एक स्वर में बड़े हर्ष से संस्था के सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिए। स्कूल प्राचार्य डॉ. श्री गिरीश मैराल,स्कूल शिक्षिका श्रीमती माया चौधरीऔर पिंकी यादव ने भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले वॉलेंटियर्स वरिष्ठ समाज सेवी संजय कुमार सोनी, सुंदर लाल, रवि कोल , ब्रजेश कुमार गौतम , पंकज गौतम, नितिन बर्गमेन, रवि कोल ,संतोष कुमार परस्ते, जे. पी. बघेल, तीरथ सिंह, पंकज सिक्का,अनंत कुमार, नितिशा इंगले , एस एस चंदेल, साकेत बारमाटे, नीलेश वर्मा, , अजय अवस्थी, अमरेश कुमार, उमेश जायसवाल, रुपेश रावत, हरि कृष्णा, लक्ष्मी परस्ते, विवेक तिवारी, नीतीश इंगले, राजकुमार झा, चेतराम मीणा, अनामिका पटेल, आयुषी चंदेल, गोपाल सिंह ठाकुर, नेहा मीना, माधव शरण राज , पी विजय कुमार जॉनसन, नीलेश वर्मा, तीरथ सिंह, संजय सोनबेर, जे एस ठाकुर, रामेंद्र गंगवार, आयुषी चंदेल, , रीता प्रधान, रुकशा हल्दकार , तरुण सिंहमारे, , मेघ राज बकोरिया, , आयुष चंदेल,राजेन्द्र रजक , उपेन्द्र सिंह,, क्षमा ठाकुर, श, मेघ राज भरसकर, हेमा झा, शांतम सोनी, आदि का योगदान निरंतर करते आ रहे हैं।

# प्रिंस सलूजा बने प्रदेश सचिव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतु पटवारी की अनुशंसा एवं अखिल कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इसरान प्रतापगड़ी के आदेश से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी महेन्द्र सिंह वोहरा की सहमति से राजेन्द्र पाल सिंह (सरदार प्रिंस सलूजा ) को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया है।

**कन्या सुकरी संकुल केंद्र से इकलौती छात्र है जुबेरिया**

# बी आर सी जिला ग्रामीण की टीम ने होनहार छात्रा को किया सम्मानित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शाला संकुल केंद्र शुकरी के अंतर्गत समीपी ग्राम रीमा में संचालित शासकीय माध्यमिक विद्यालय रीवा की कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली गरीब परिवार की होनहार छात्रा कुमारी जुवेरिया फातिमा के

एन एम ऐस एस चयन परीक्षा वर्ष 2024 मैं किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आज जनपद शिक्षा केंद्र ग्रामीण तथा संकुल केंद्र सुकरी के शिक्षकों की टीम द्वारा जुवेरिया को विद्यालय में बुलाकर पुरस्कृत तथा प्रोत्साहित किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभावान छात्र छात्रों के लिए राष्ट्रीय मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2008 के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रीवा के गरीब परिवार की होनहार छात्रा कुमारी जुबेरिया फातिमा ने उक्त छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था संकुल केंद्र सुकरी के अंतर्गत 6 माध्यमिक विद्यालय में पूरे संकुल केंद्र में जुवेरिया का बेहतर प्रदर्शन रहा और जिला स्तर पर 164 सी रैंक लाकर उन्होंने यह प्रतियोगी परीक्षा पास की। जुबेरिया के दादा शेख रफीक तथा पिता इम्तियाज़ खान बताते हैं कि आर्थिक तंगी से जूझने वाले परिवारों के लिए प्रतिवर्ष 12000 रुपए की छात्रवृत्ति होनहार विद्यार्थियों खासकर कन्याओं के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है क्योंकि उनके गांव में आठवीं के बाद विद्यालय नहीं है और कक्षा नवमी से 12वीं तक अध्ययन करने के लिए गांव से लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूर दूसरे संकुल में जाकर पढ़ाई करना और बढ़ती कक्षाओं के बढ़ते खर्च के कारण आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अत्यधिक भार पड़ता है पर इस छात्रवृत्ति के मिलने से उनके परिवार की सभी मुश्किलें आसान हो जाएगी और गांव के अन्य बच्चों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर बी आर सी केशव दुबे, रत्नेश मिश्रा, नरेंद्र उईके, संतोष मिश्रा, उमेश राजपूत, आरपी बहामने, रामकुमार साहू, कृष्ण कुमार पटेल ,मंजू ठाकुर, दया शंकर पटेल, प्रीति चौकसे तथा सभी शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । जुबेरिया का कहना है कि माध्यमिक विद्यालय के सभी शिक्षकों और माता-पिता के सही मार्गदर्शन से उन्होंने यह सफलता अर्जित की है।

# नए भारत की नई रफ्तार- भारतीय रेलवे में दूसरी 'नमो भारत रैपिड रेल' और तीसरी 'अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मधुबनी जिला के लोहना में आयोजित कार्यक्रम से रेलवे की तीन नवनिर्मित रेल लाइनें राष्ट्र को समर्पित किया तथा बिहार को चार नई ट्रेनों की सौगात दी। जिन ट्रेनों को माननीय प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया उनमें जयनगर पटना नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा लोकमान्य तिलक अमृत भारत एक्सप्रेस तथा दो पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं।

नमो भारत रैपिड रेल के बारे में विस्तार से बताते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने पत्रकारों को बताया कि दो शहरों के बीच तेज रफ्तार, आधुनिक सुविधाओं से युक्त रेल ट्रांसपोर्ट का सपना अब हकीकत बन गया है। नमो भारत रैपिड रेल अमृतकाल में भारतीय रेल के विकास का नया सारथी है। यह ट्रेन इंटरसिटी ट्रैवल के लिए देश के अंदरूनी इलाकों में स्थानीय लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त सफर की गारंटी देती है। उन्होंने बताया कि नमो भारत रैपिड रेल मॉडर्न सुविधाओं से लैस है। यह इंटरसिटी ट्रेन जयनगर को पटना से जोड़ेगी। 16 कोच में 2 हजार से ज्यादा यात्री क्षमता के साथ इस ट्रेन का संचालन बिहार के विकास को नई रफ्तार देने वाली है। यह ट्रेन जयनगर से पटना के बीच मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय, मोकामा और पटना जिला को कनेक्ट करेगी। अहमदाबाद-भुज के बाद यह देश की दूसरी %नमो भारत% रैपिड रेल सेवा है। इससे दो शहरों के बीच न केवल दूरी कम होगी बल्कि बिहार के सपनों को भी नई उड़ान मिलेगी।

नमो भारत रैपिड रेल तेज़ एक्सेलरेशन और आधुनिक ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है। इसके दोनों सिरों पर ड्राइविंग कैब्स होने के कारण इसे टर्नअराउंड की ज़रूरत नहीं होगी, जिससे समय की बचत होगी। नमो भारत पूरी तरह से एयर कंडीशन्ड है और इसमें एर्गोनॉमिकली डिज़ाइन सीटें लगी हैं। ट्रेन में वैक्यूम आधारित मॉड्यूलर टॉयलेट, दिव्यांग अनुकूल शौचालय और डस्ट-प्रूफ सील्ड गैंगवे भी हैं, जिससे ट्रेन का सफर अधिक स्वच्छ, सुलभ और शांतिपूर्ण बनता है।

इस ट्रेन की एक खासियत इसका %कवच% सुरक्षा सिस्टम से लैस होना है। इसके हर कोच में सीसीटीवी कैमरे, फायर डिक्टेशन सप्रेशन सिस्टम और आपातकालीन टॉक-बैक सिस्टम सुरक्षित सफर का आश्वासन देते हैं। ट्रेन के कोच ऑटोमैटिक दरवाजों के साथ सेमी-परमानेंट कपलर्स से युक्त हैं, जो यात्रियों को झटके का अनुभव नहीं होने देते। इससे तेज गति का सफर सुगम और सुरक्षित रहता है।

ट्रेन में रूट-मैप इंडिकेटर भी हैं, जो हर स्टेशन की जानकारी देंगे। यह सुविधा ओपन लाइन रेलवे में पहली बार दी जा रही है। आपातकालीन लाइटिंग, एलईडी लाइटिंग और अल्ट्रा मॉडर्न डिजाइन से यात्रियों को एक शांत और रोशनी से भरा माहौल मिलता है।

सहरसा और लोकमान्य तिलक के बीच चलाई गई अमृत भारत एक्सप्रेस के बारे में बताते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक ने कहा कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन भारतीय रेल की आधुनिक पहल है। यह ट्रेन आम यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा, आराम और स्वदेशी तकनीक का अनुभव देती है। इस ट्रेन को विशेष रूप से मिडिल क्लास और अंत्योदय के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके कोच पूरी तरह से भारत में बने हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूती देते हैं।

अमृत भारत ट्रेन सुविधाजनक है। इसका लुक और डिज़ाइन भी अत्यंत आकर्षक है। ये किसी प्रीमियम ट्रेन जैसा अनुभव देती है। रेलवे की यह कोशिश है कि आम आदमी भी शान और आराम के साथ यात्रा कर सके और इसी सोच के साथ यह ट्रेन शुरू की गई है।

पर्यावरण के प्रति सजगता, ऊर्जा की बचत और यात्रियों की सुविधा- ये तीनों पहलू इस ट्रेन की पहचान हैं। यह ट्रेन देश के विकास की नई रफ्तार और बदलते भारत की झलक है। अमृत भारत एक्सप्रेस की सेफ्टी फीचर के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन में सुरक्षा और तकनीकी दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कपलर में क्रैश ट्यूब और श्वक्क-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम की सुविधा दी गई है, जिससे तेजी से ब्रेक लग सकेगा। ये पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूशन सिस्टम से लैस है। हर कोच में टॉक बैक यूनिट तथा गार्ड रूम में रिस्पॉन्स यूनिट से यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। गैर-एसी कोचों में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा यात्रियों की सुरक्षा में नई क्रांति है।

अमृत भारत 2.0 के साथ भारतीय रेल में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है जिससे ट्रेन जुड़ते या अलग होते वक्त झटका नहीं लगता और ना ही आवाज आती है। इसमें लगा डिफॉर्मेशन ट्यूब किसी टक्कर की स्थिति में झटका कम कर देता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक न केवल स्थिरता प्रदान करता है, बल्कि उच्चतम गति एवं बेहतर संचालन की क्षमता भी सुनिश्चित करता है।

यह ट्रेन एक एलएचबी पुश-पुल ट्रेन है। बेहतर गति के लिए इसके दोनों सिरों पर इंजन लगे होते हैं, जिससे ऊर्जा की खपत कम होती है। ट्रेन तेजी से गति पकड़ सकती है और ब्रेक लगा सकती है। अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड इसे रफ्तार का महारथी भी बनाती है। इसके कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर जैसी सुविधाएँ हैं। साथ ही, रेडियम इल्यूमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, एयर स्प्रिंग बोगी जैसी सुविधा यात्रा को और भी आरामदायक बनाती है। प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सोप डिस्पेंसर और एरोसोल-आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम जैसी सुविधाएँ दी गई हैं, जो स्वच्छता व सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं। हर यात्री के लिए फास्ट मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, पेन्ट्री कार और बेहतर और आरामदायक सीट की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय भी प्रदान किए गए हैं, ताकि सभी यात्रियों को समान सुविधा मिल सके।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी ओमती राजपाल सिंह बघेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि जयंत काम्पलेक्स के पास 2 व्यक्ति आईपीएल का सट्टा खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के हुलिये के 2 व्यक्ति हाथ में मोबाइल लिये दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर दोनों ने अपने नाम नफीस राजा उम्र 45 वर्ष निवासी नगीना मस्जिद मैदान के पास गोहलपुर, अयूब अंसारी उम्र 54 वर्ष निवासी नई बस्ती अंसार नगर चौपड़ा गोहलपुर बताये,

# सागर से जबलपुर आ रही नकली डीएपी खाद पकड़ी गई, पाटन रोड पर पुलिस ने चेकिंग में पकड़ी गाड़ी



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** सागर से जबलपुर आई नकली डीएपी खाद ग्राम नुनसर पाटन रोड पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ी है. उक्त खाद को जबलपुर में खपाने की तैयारी थी, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने पहले से चेकिंग लगा दी थी. पुलिस ने मामले में वाहन चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है. पुलिस को पूछताछ में वाहन चालक कोई कागजात नहीं दे पाया है, पुलिस ने मामले की जानकारी कृषि और खाद्य विभाग को जानकारी दे दी है. खबर है कि नुनसर चौकी प्रभारी विपिन सिंह को आज खबर मिली कि सफेद रंग की गाड़ी सागर से दमोह होते हुए जबलपुर की ओर रवाना हुई है. इस गाड़ी में नकली डीएपी खाद रखी है, चालक के पास कोई कागजात भी नहीं है. पुलिस ने पाटन रोड पर बैरियर लगाकर दोपहर में चेकिंग लगा दी. दो बजे के लगभग एमपी 38 जेड-डी 8508 गाड़ी आते हुए दिखाई दी. जिसे राजा सेन नाम का युवक चला रहा था. पुलिस ने गाड़ी को रोका तो वह घबरा गया. इसके बाद पुलिस ने जब वाहन की चेकिंग की तो उसमें करीब 70 बोरी डीएपी खाद मिली. पूछताछ के दौरान वह खाद से संबंधित कागजात नहीं दे पाया. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस चौकी में गाड़ी को खड़ा किया गया है. चालक पुलिस की हिरासत में है. वाहन मालिक को फोन लगाया गया तो उसका कहना था कि खाद से संबंधित कागजात जल्दबाजी में छूट गए हैं, जिसे कि जल्द ही सागर से जबलपुर लाया जा रहा है. वहीं दूसरी ओर नकली डीएपी के बारे में जानकारी मिलने पर भारतीय किसान संघ ने पुलिस के आला अधिकारियों को बताया कि सागर से नकली डीएपी को लाकर जबलपुर में खपाने का काम कई दिनों से चल रहा है. आज भी पुलिस ने जो कार्रवाई की है. वह संघ की जानकारी देने के बाद ही हुई है.

### शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शराब दुकान में काम करने वाले एक युवक से शराब पीने के लिए रुपए मांगने और विरोध करने पर मारपीट करने वाले आरोपी को अधारताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, उमाशंकर गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह संजय नगर शराब दुकान में सेल्समेन के तौर पर काम करता है। बीती शाम करीब 7 बजे, जब वह शराब दुकान के पास स्थित पान की दुकान पर खड़ा था, तभी एक युवक आकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। युवक ने गालियां देने से मना करने पर शराब पीने के लिए एक हजार रुपए मांगने शुरू कर दिए।

## वाहन की टक्कर से महिला घायल

जबलपुर- गोसलपुर थाना में ग्राम पोला निवासी दीपा पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके अनुसार सोमवार को वे जरूरी कार्यवश ग्राम पौड़ी कला आई हुई थीं। जहां एएनएम रजनीकांत पटेल के साथ वे स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस वाई 9434 में सिहोरा अस्पताल जाने के लिए रवाना हुईं। तभी केवलारी रेल फाटक के पास भारी वाहन क्रमांक एमपी 20 एचबी 9163 के चालक ने टक्कर मारकर चोटें पहुंचा दीं। यह भी पढ़े -हर दिन काटे जा रहे दर्जनों पेड़, वन्य प्राणियों पर भी संकट, दो विभाग सीमा विवाद में उलझे आसपास के लोगों ने उन्हें उठाया और अस्पताल भेजने की व्यस्था कराई, दूसरी तरफ वाहन चालक को पकड़ने की कोशिश की गई। लेकिन वह तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए मौके से भाग निकला। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी चालक की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# लाखों के जेवर चुराने वाले 3 शातिर चोर गिरफ्तार 8.5 लाख रुपये के जेवरात बरामद



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** गोराबाजार थाना क्षेत्र के मॉडल टाउन बिलहरी में एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर नकबजनों को क्राइम ब्रांच और गोराबाजार पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग साढ़े आठ लाख रुपये कीमत के सोने.चांदी के जेवर और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की है। पीड़ित अमन यंदे निवासी तिलहरी ने 9 अप्रैल को थाना गोराबाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मौसी उर्मिला धवनए जो मॉडल टाउन बिलहरी में रहती हैंए 2 अप्रैल को लखनऊ गई थीं। उन्होंने अपनी घरेलू सहायिका मुनिया पासी को मकान की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी थी। 9 अप्रैल की सुबह मुनिया ने फोन कर बताया कि मकान का मुख्य ताला टूटा हुआ है और घर में चोरी हो गई है। जब अमन मौके पर पहुंचाए तो पाया कि ऊपर के कमरे से जेवरात चोरी हो चुके थे। इस आधार पर पुलिस ने धारा 331;4द्धए 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने दीपू उर्फप्रदीप विश्वकर्मा ;29 वर्षद्धए अंकित बेन ;22 वर्षद्ध और मोहसिन खान ;19 वर्षद्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तीनों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने ही सूने मकान का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 9 तोला सोना जिसमें कंगनए चेनए मंगलसूत्रए टॉप्सए अंगूठियां आदि और लगभग 300 ग्राम चांदी के आइटमकृ पायलए चूड़ियांए अंगूठीए कटोरीए चम्मच समेत एक मोटरसाइकिल बरामद की है। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# मझौली में गेहूं में मिट्टी की मिलावट का बड़ा घोटाला- मां रेवा वेयरहाउस से ढाई सौ क्विंटल मिलावटी अनाज जब्त



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** मझौली तहसील में खाद्यान्न सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां मां रेवा वेयरहाउस परिसर के पास बड़े पैमाने पर गेहूं में मिट्टी की मिलावट का खुलासा हुआ है। तहसीलदार वीर बहादुर सिंह ने पुलिस बल के साथ छापा मारकर करीब ढाई सौ क्विंटल मिलावटी गेहूं और एक मिट्टी से भरा ट्रक जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वेयरहाउस पहले से ही धान खरीदी घोटाले में ब्लैकलिस्टेड है और इसका संचालन नीतेश पटेल कर रहे हैं, जो पहले भी विवादों में रह चुके हैं। जांच के दौरान नागरिक आपूर्ति निगम के सरकारी बारदानों में भरा हुआ मिलावटी गेहूं मिला, साथ ही मौके पर करीब 100 भरी हुई बोरियां और 100 खाली बारदान बरामद किए गए। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सिद्धार्थ राय ने पुष्टि की है कि बरामद बारदाने सरकारी हैं और इसकी आपूर्ति कहां से हुई, इसकी भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जमीन पर फैली मिट्टी को भी तौला जाएगा, जिससे मिलावट के पूरे तरीके और मात्रा का खुलासा हो सके। तहसीलदार ने कहा कि मामले की गहन जांच जारी है और सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मझौली थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है।

# पाडे चौक पर युवक ने की 6 से 7 कारों में तोड़फोड़



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके पांडे चौक के पास आज सुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब एक युवक ने सड़क किनारे खड़ी 6 से 7 कारों में अचानक तोड़फोड़ शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक काफी उग्र अवस्था में था और बिना किसी कारण के वाहनों को नुकसान पहुंचा रहा था।

घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को काबू में लेकर गिरफ्तार कर लिया। युवक की पहचान रोहित लारिया के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे कोतवाली थाने ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है।

घटना के दौरान कई लोग मौके पर जमा हो गए थे। लोगों ने बताया कि रोहित अचानक आया और पार्क की गई गाड़ियों के शीशे तोड़ने और बोनट पर वार करने लगा।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में युवक की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं प्रतीत हो रही है। हालांकि, इस संबंध में मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा ताकि स्पष्ट हो सके कि युवक किसी मानसिक बीमारी से ग्रस्त है या नशे की हालत में था।

# आतंकी हमले पर सोशल मीडिया पर अमर्यादित एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जम्मू कश्मीर के पहलगांम मे दिनांक 22-4-25 को आतंकी हमलाकर पर्यटकों की निर्यदता पूर्वक हत्या करने के संवेदनशील मुद्दे पर पूरा देश एक साथ घटना की निंदा करते हुये मृतकों के प्रति श्रृद्धांजली एंव मृतकों के परिजनों के लिये संवेदनायें व्यक्त की जा रहीं हैं, उक्त घटना की सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया पर निगाह रखते हुये लगातार मॉनीटरिंग करने हेतु पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के द्वारा सोशल मीडिया सेल को निर्देशित किया गया था घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर होने वाले पोस्ट एवं उन पर कमेण्ट्स की लगातार दिनांक 22-4-25 से मॉनीटरिंग की जा रही थी आज दिनांक 23-4-25 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर मोहम्मद ओसाफ के द्वारा संवेदनशील मुद्दे पर भावनाओं को भड़काने वाला कमेण्ट् किया गया जिसकी जानकारी थाना प्रभारी हनुमानताल को दी गई। थाना हनुमानताल में आज दिनांक 23-4-25 को शाम अभय श्रीवास्तव उम्र 32 वर्ष निवासी सिंधी केम्प भोलानगर, हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पहलगांम मे हुये आतंकी हमले की घटना के संबंध में आईडी धारक ओसाफ खान के द्वारा सोशल मीडिया पर पहलगांव आतंकी हमले की घटना के संबंध में पीड़ित महिला के विरूद्ध सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजन एवं अमर्यादित पोस्ट की गई, पोस्ट को पढ़ने के बाद आमजन की मानवीय संवेदना को गहरा आघात पहुँचा है जिसकी लिखित शिकायत किये जाने पर थाना हनुमानताल में अपराध क्रमांक 287/25 धारा 196(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी मोहम्मद ओसाफ खान पिता बसीर खान उम्र 37 वर्ष निवासी न्यू आनंद नगर पम्प हाउस जबललपुर को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया। आरोपी के कृत्य से आमजन में आक्रोश की भावना व्याप्त है लोगों की भावनाओं की ध्यान रखते हुये आरोपी का 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जावेगा।

ऑपरेशन कर निकाली गई, डॉक्टरों की सलाह- छोटे बच्चों को अकेला न छोड़ें

# खिलौना समझ मासूम ने निगली हरी मिर्च



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** बरेला के एक गांव से बुधवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 9 माह के मासूम बच्चे ने खेलते-खेलते हरी मिर्च निगल ली। आहार नली में मिर्च फंसने से बच्चे को जलन और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। जब बच्चा लगातार रोता रहा और उल्टी करने लगा, तो परिजन उसे लेकर पहले बरेला स्वास्थ्य केंद्र और फिर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां ईएनटी विभाग की टीम ने ऑपरेशन कर उसकी आहार नली से मिर्च को निकाला। परिजनों के अनुसार, बच्चा घर के आंगन में खेल रहा था तभी उसके हाथ हरी मिर्च लग गई और उसने उसे मुंह में डाल दिया। इसके बाद रोना और तकलीफ बढ़ने लगी। बरेला स्वास्थ्य केंद्र में शुरू में निमोनिया समझकर इलाज किया गया, लेकिन जब आराम नहीं मिला तो मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि एक्स-रे में मिर्च आहार नली में फंसी दिखी। ईएनटी एचओडी डॉ. कविता सचदेवा और उनकी टीम ने ब्रोंकोस्कोपी की मदद से सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। अब बच्चा पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है।

डॉ. सचदेवा ने बच्चों के परिजनों को चेताया है कि 2 साल से छोटे बच्चों को कभी अकेला न छोड़ें। इस उम्र में बच्चे किसी भी वस्तु को खाने की कोशिश करते हैं, जिससे जान का खतरा हो सकता है। बच्चों के खेलने की जगह को साफ और सुरक्षित रखें।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा विद्युत (सामान्य शाखा)

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। निविदा सूचना क्रमांक: जबल/एल/टी नं. 03/2025 दिनांक 21.04.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित: जबलपुर संभाग के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थापित सबमर्सिबल पंप सेटों की ओवरहालिंग, सर्विसिंग और मरम्मत। निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में): 935380.10, निविदा फार्म की कीमत (रुपये में): 0.00/-, कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है: वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, बयाना राशि रुपये: 18700.00, समापन अवधि (माह/वर्ष): 6 माह, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक): 13.05.2025, निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक): 13.05.2025। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है।

(हस्ता.)

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना गोराबाजार क्षेत्र अंतर्गत तिलहरी विस्थापित बस्ती फेस.1 में देर रात एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। पीड़िता श्रीमती सुलेखा झारिया ;30 वर्षद्ध की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सुलेखा झारिया ने बताया कि वह बंगलों में खाना बनाने का काम करती हैं। कुछ दिन पहले नगर निगम की कचरा गाड़ी के चालक राकेश सोमकुंवर से उनके पड़ोस में रहने वाले श्रेयांश बर्मन के भाई राज बर्मन ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे थे। मना करने पर राकेश ने राज बर्मन को जातिगत गालियां दीं और मारपीट कर कचरा गाड़ी का कांच तोड़ दिया। इस घटना की रिपोर्ट पर राज बर्मन को जेल भेजा गया। उसी रंजिश के चलते बीती रात लगभग 8 बजे एक 16 वर्षीय किशोर ने सुलेखा के पति सुशील झारिया पर जानलेवा हमला कर दिया। बस चलाकर लौटे सुशील पर आरोपी किशोर ने चाकू से जांघए हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें पहुंचाईं और धक्का देकर गिरा दियाए जिससे वे बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सुलेखा की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296ए 115;2द्धए 109 बीएनएस के साथ ही एससी.एसटी एक्ट की धाराओं 3;1द्ध;दद्धए 3;1द्ध;धद्धए 3;2द्ध;व्हीएद्ध के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक समेत नाले में गिरे युवक की मौत

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम ग्वारी में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक समेत नाले में गिरे युवक को गंभीर चोटें आई थीं। ग्रामीणों ने मृत अवस्था में नाले में पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस ने नाले से शव निकलवाकर पीएम के लिए रवाना किया। जानकारी के अनुसार पाटन निवासी राकेश मेहरा उम्र 23 वर्ष सोमवार को दोपहर 3 बजे के करीब बाइक लेकर कहीं जा रहा था। वह पाटन-शहपुरा मार्ग पर पहुंचा तभी नीलेश ठाकुर के खेत के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार नाले में गिर गया। उसके सिर, चेहरे व हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई थीं, वहीं बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम कोटवार बालकिशन मेहरा मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मर्ग कायम कर पुलिस आरोपी वाहन चालक की पतासाजी में जुटी है।

**संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 01/2025-26 दिनांक 04/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती विदा रपरया, पति- श्री चतुर सिंह ठाकुर** के द्वारा **वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 2000016489 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती रामकन्या पाण्डेय पति श्री राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के नाम से दर्ज प्लाट नं. 69 मुरलीधर नगर, प्लाट रकवा 960 व.फु. जिसका मौजा रिमझा ले आउट प्लाट क्रं. 69 की, **विक्रय/क्रय** की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद , एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी ( राजस्व )
संभाग क्रमांक 15 सुहागी
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2025 एम./03 दिनांक 24.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रदीप गुप्ता, पिता- श्री रामगोपाल गुप्ता** ने मकान नं. 1280/2 पिन. नं. 1000480398, **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेत्रफल 1800 व.फु., भूतल 1300 व.फु., 300 व.फु., प्रथमतल 200 व.फु., **चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2025 एम./02 दिनांक 24.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती अर्चना आशधीर, 2. श्री अमित आशधीर, 3. आंचल शर्मा, तीनों के पिता- स्व. श्री अनिल आशधीर** ने मकान नं.2145/ 4 टी पिन. नं. 1000494502, **वार्ड मदन महल वार्ड,** भूतल 1232 व.फु., **वसीयतनामा मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/20 दिनांक 23.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेन्द्र कुमार विश्नोई एवं श्री राकेश कुमार विश्नोई, पिता- स्व. श्री राधेलाल विश्नोई एवं श्रीमती ऊषा विश्नोई, पति- स्व. श्री राजेश कुमार विश्नोई** ने मकान नं. 506 से 507 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 4800 व.फु., भूतल 1100 व.फु., प्रथमतल 663 व.फु., **वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/19 दिनांक 23.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री प्रदीप पटेल, पिता- श्री लक्ष्मण सिंह पटेल** ने मकान नं. 3036/एम पी-265 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 900 व.फु., प्रथमतल 900 व.फु., द्वितीयतल 300 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999